राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 314
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 07 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में हुई तेज बारिश, सड़कों पर पानी भरने से लगा जाम
पेज 4 2 करोड़ लूटने वाला नरेश पंडित एनकाउंटर में ढेर
पेज 6 महिला विश्व कप: पाकिस्तान पर जीत के बाद हरमनप्रीत कौर ने

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम हाउस के बाहर दंपत्ति ने की आत्मदाह की कोशिश

**नई दिल्ली।** गुना में दुकान खाली कराने को लेकर मालिक और किराएदार के बीच का विवाद राजधानी भोपाल तक पहुंच गया। सोमवार को किराएदार ने भोपाल में पत्नी संग सीएम हाउस के समीप आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि, वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों को पकड़ लिया। किराएदार पर दो दिन पहले महिला थाने में दुकान मालिक महिला की शिकायत पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ था। इधर, सूत्रों ने बताया कि दुकान मालिक महिला भी सोमवार को मामले में मुख्यमंत्री को शिकायत दर्ज कराने राजधानी पहुंच गई।

### सोनम वांगचुक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत निरुद्ध किये जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने रासुका में की गई हिरासत को चुनौती देते हुए उनकी रिहाई की मांग की है। कोर्ट मामले में 14 अक्टूबर को फिर सुनवाई करेगा। लद्दाख में राज्य के दर्जे और लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग के हिंसक आंदोलन के बाद गत 26 सितंबर को वांगचुक को रासुका के तहत हिरासत में ले लिया गया था।



## हैप्पी मॉर्निंग


शादी से पहले मेरा दोस्त स्टेटस डाला करता था 'शेर का कोई ठिकाना नहीं होता' अभी मैंने वीडियो कॉल किया तो भाभी ने उठाया मैंने पूछा- शेर कहां है? भाभी बोली लहसुन छिल रहा है.....



## शायरी

किसे ख़बर थी कि ये वाक़िआ भी होना था
कि खेल खेल में इक हादसा भी होना था

## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,790.12
+582.95 (0.72%)
निफ्टी:
25,077.65
+183.40

## मौसम



अधिकतम : 27 डिग्री से0
न्यूनतम : 21 डिग्री से0
सूयोदय बुधवार : 6 : 19
सूर्यास्त मंगलवार : 6 : 09

# एसएमएस हॉस्पिटल अधीक्षक, ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज को हटाया

## 'एक्सईएन' निलंबित; मंत्री बोले- वेंटिलेटर से हटाते तो भी हादसे की आशंका थी; आग से 8 मौतें हुई

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में रविवार देर रात आग लग गई। हादसे में 8 मरीजों की मौत हो गई। इनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। हालांकि सरकार 6 मौत मान रही है।

रात 11 बजकर 20 मिनट पर यह आग ट्रॉमा सेंटर के न्यूरो आईसीयू वार्ड के स्टोर में लगी। यहां पेपर, आईसीयू का सामान और ब्लड सैंपलर ट्यूब रखे थे।



ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज और सीनियर डॉक्टर ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। हादसे के समय आईसीयू में 11 मरीज थे। उसके बगल वाले आईसीयू में 13 मरीज थे।

वहीं, इस अग्निकांड की जांच के लिए शासन स्तर पर 6 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। स्नस्रुकी टीम मौके पर पहुंची और सबूत इकट्ठे किए। हादसे के बाद सोमवार देर शाम सरकार ने एसएमएस हॉस्पिटल अधीक्षक और ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज को हटा दिया। साथ ही एक्सईएन निलंबित को निलंबित किया है। फायर सेफ्टी कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर बोले- हादसे का शिकार मरीज वेंटिलेटर पर थे। उन्हें वेंटिलेटर पर से हटाया जाता तो वैसे ही उनके साथ हादसा होने की आशंका थी।

सरकार की ओर से देर शाम मृतक आश्रितों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की गई।

### सरकार ने 6 मौत माना

हादसे में मरने वालों की सरकार की ओर से लिस्ट जारी की गई। इसमें पिंटू, दिलीप, श्रीनाथ, रुकमणि, बहादुर और कुषमा की हादसे में मौत माना। दिगंबर वर्मा और सर्वेश देवी की मौत का कारण इस हादसे को नहीं माना है।

# 7 राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को 7 राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान किया है।

इन सीटों पर 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे, 14 नवंबर को नतीजे आएंगे।

जम्मू-कश्मीर में बडगाम और नागरोटा, राजस्थान में अंता, झारखंड में घाटसिला,तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब की तरनतारन, मिजोरम की डम्पा और ओडिशा की नुआपाडा विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना हैं। जम्मू और कश्मीर में 2 विधानसभा सीटें बडगाम और नगरोटा अक्टूबर 2024 से खाली हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 2 सीटों से चुनाव जीते थे। इसके बाद उन्होंने 21 अक्टूबर, 2024 को गंदेरबल सीट को अपने पास रखा और बडगाम सीट छोड़ दी थी।

नगरोटा सीट विधायक देवेंद्र सिंह राणा के निधन के बाद 31 अक्टूबर, 2024 को खाली हो गई थी।

# बंगाल के दार्जिलिंग में लैंडस्लाइड, अब तक 28 मौतें

- कई लापता, हजारों टूरिस्ट फंसे; जम्मू-कश्मीर में स्कूल बंद, वैष्णो देवी यात्रा लगातार दूसरे दिन रद्द

एजेंसी

**दार्जिलिंग/शिमला।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में रविवार को तेज बारिश के बाद हुई लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 28 हो गई है। इनमें 7 बच्चे हैं। कई लोग अब भी लापता हैं। लैंडस्लाइड में कई घर बह गए। दार्जिलिंग और सिक्किम का सड़क संपर्क देश के बाकी हिस्सों से टूट गया है।

इसके कारण हजारों पर्यटक फंसे हैं। दार्जिलिंग और कर्सियांग के बीच नेशनल हाइवे टूट गया है। मिरिक और दूधिया के पास लोहे का ब्रिज टूटने से दार्जिलिंग से सिलीगुड़ी का वैकल्पिक रास्ता भी बंद है। अलीपुरदुआर में रेल ट्रैक डूबने से तीन गाड़ियां रद्द की गईं। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग में चाय के बागान डूब गए हैं।

बंगाल के दार्जिलिंग और अन्य जिलों में 24 घंटे में लगभग 16 इंच बारिश हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार इतनी बारिश 1998 के बाद पहली बार हुई है।

दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी और कूचबिहार में मंगलवार सुबह तक भारी बारिश की आशंका है। इससे लैंडस्लाइड का खतरा बना हुआ है।

# राहुल गांधी के आरोपों पर मुस्कुराए मुख्य चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग की तारीखों का सोमवार शाम ऐलान हुआ। यहां 6 नवंबर और 11 नवंबर यानी 2 फेज में वोटिंग होगी। रिजल्ट 14 नवंबर को आएगा। राज्य में 243 सीटें हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, दोनों चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी समेत अन्य अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। CEC कुमार से स्पेशल स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन , राहुल गांधी के आरोपों, बिहार में फर्जी वोटिंग-बुर्कानशीं, फ्रीबीज, वोटिंग की 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग, छठ पर्व के बाद चुनाव कराने को लेकर सवाल पूछे गए। जिनका सीईसी ने जवाब दिया।

# बिहार : छठ के बाद 2 फेज में चुनाव

## 6 और 11 नवंबर को वोटिंग, नतीजे 14 नवंबर को

**पटना।** बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 2 फेज में वोटिंग होगी। मतदान 6 और 11 नवंबर को और नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। चुनाव आयोग ने सोमवार शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

चुनाव के ऐलान से काउंटिंग तक की प्रक्रिया 40 दिन चलेगी। पहले फेज की वोटिंग छठ के 8 दिन बाद होगी। सभी राजनीतिक दलों ने वोटिंग की तारीखें दिवाली और छठ के बाद रखने की अपील की थी।

2010 में इलेक्शन प्रोसेस 61 दिन, 2015 में 60 दिन और 2020 में 47 दिन चली थी। इस तरह पिछले 3 चुनावों में इस बार सबसे कम अवधि में चुनाव होंगे।




### बिहार में 40 साल बाद 2 फेज में चुनाव

बिहार में 40 साल बाद दो फेज में चुनाव होने जा रहे हैं। इससे पहले 1985 में चुनाव 2 फेज में हुए थे। भाजपा और आरजेडी ने 2 फेज में चुनाव कराने की मांग की थी। जेडीयू ने एक फेज में चुनाव कराने को कहा था।

पिछले चुनाव यानी 2020 में 3 फेज में 20 अक्टूबर से 7 नवंबर के बीच वोटिंग हुई थी। 10 नवंबर को नतीजे घोषित हुए थे। इससे पहले 2015 में 5 फेज में 12 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच वोटिंग और 8 नवंबर को नतीजे आए थे।

### 7.42 करोड़ वोटर, 14 लाख पहली बार वोटिंग करेंगे

राज्य में 243 सीटें हैं, जिनमें करीब 7.42 करोड़ वोटर हैं। इनमें 100 साल ऊपर के 14 हजार वोटर शामिल हैं। पोलिंग बूथ जाने में असमर्थ लोग फॉर्म 12 डी भरकर घर से वोट डाल सकेंगे। राज्य में 14 लाख लोग पहली बार वोट डालेंगे। इस बार वोटर बूथ तक मोबाइल ले जा सकेंगे।

# सीजेआई पर कोर्ट में जूता फेंकने की कोशिश

## आरोपी वकील बोला- सनातन का अपमान नहीं सहेंगे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक वकील ने सीजेआई बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना उस समय हुई, जब सीजेआई की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों के हवाले से न्यूज एजेंसी ने बताया कि वकील ने सीजेआई की तरफ जूता



फेंका।

हालांकि जूता उनकी बेंच तक नहीं पहुंच सका। सुरक्षाकर्मियों ने फौरन उसे पकड़ लिया। बाहर जाते वक्त वकील ने नारा लगाया- सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। घटना के बाद सीजेआई ने अदालत में मौजूद वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने को कहा। उन्होंने कहा कि इस सबसे परेशान न हों। मैं भी परेशान नहीं हूं, इन चीजों से मुझे फर्क नहीं पड़ता।

### वकील का लाइसेंस रद्द, बीसीआई ने निलंबित किया

वहीं, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने आरोपी वकील राकेश किशोर कुमार का लाइसेंस रद्द कर दिया है। उसका रजिस्ट्रेशन 2011 का है। इसके साथ ही बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने भी आरोपी को तुरंत निलंबित कर दिया। बीसीआई चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा ने ये आदेश जारी किया।

उन्होंने कहा कि यह वकीलों के आचरण नियमों का उल्लंघन है। निलंबन के दौरान किशोर कहीं भी प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे। 15 दिनों में शो कॉज नोटिस भी जारी किया जाएगा।

## कप पर कब्जा



शिमला में 12 वर्षीय दलित लड़के की मौत पर माकपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। लड़के ने कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी, क्योंकि उसे कुछ ऊंची जाति की महिलाओं ने उनके घर में घुसने पर गौशाला में बंद कर दिया था।

# करूर भगदड़ के लिए एनडीए जांच समिति ने प्रशासनिक लापरवाही को ठहराया जिम्मेदार

**करूर।** तमिलनाडु के करूर में 27 सितंबर को हुई भगदड़ की जांच करने वाली राजग सांसदों की जांच टीम ने इस घटना को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही, खराब योजना और प्रबंधन की कमी के हुई त्रासदी करार दिया है। साथ ही कहा है कि इस आपदा को पूरी तरह से टाला जा सकता है।

अभिनेता से नेता बने और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय की इस रैली में मची भगदड़ में 41 लोगों की जान गई थी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए थे।सांसदों ने भाजपा हाईकमान को सौंपी गई विस्तृत रिपोर्ट में कहा कि यह घटना बुनियादी सुरक्षा उपायों की पूरी तरह से अनदेखी का परिणाम थी।

### कितने लोगों के लिए उपयुक्त था स्थल

रिपोर्ट में बताया गया है कि स्थल केवल 2,000-3,000 लोगों के लिए उपयुक्त था, जबकि विजय की रैली में लगभग 30,000 लोग एकत्रित हुए। यानी अत्यधिक भीड़भाड़ की स्थिति उत्पन्न हुई। हजारों समर्थक सुबह से ही आना शुरू कर चुके थे, वे भूखे-प्यासे थे। विजय इस रैली में कई घंटे देरी से पहुंचे थे। इसके चलते अभिनेता को देखने के लिए भीड़ बढ़ती गई। गवाहों के अनुसार, भगदड़ तब शुरू हुई जब विजय अपने प्रचार वाहन पर चढ़कर प्रशंसकों का अभिवादन करने लगे।

# कफ सिरप से मौत पर राजस्थान, एमपी-यूपी सरकार को नोटिस

## एनएचआरसी ने स्वास्थ्य मंत्रालय से जांच करने को कहा; सैंपल रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सोमवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी कर नकली कफ सिरप से बच्चों की मौत मामले में जांच करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही नकली दवाओं की बिक्री पर तुरंत बैन लगाने का निर्देश भी दिया।

एनएचआरसी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय समेत ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया , सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन और




डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज से नकली दवाओं की आपूर्ति की जांच करने का निर्देश दिया है।

साथ ही सभी राज्यों की लैब्स को सैंपल इकट्ठा कर टेस्ट रिपोर्ट भेजने को कहा है। NHRC ने नोटिस में कहा- एमपी और राजस्थान के कुछ जिलों में कथित तौर पर कफ सिरप पीने से 12 बच्चों की मौत के मामले में एक्शन लेने की मांग वाली शिकायत मिली है। सभी संबंधित विभाग जल्द कार्रवाई कर जवाब दें।

इससे पहले एनएसआरसी की प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली बेंच ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के तहत मामले में एक्शन लिया। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विशेष जांच समिति बनाने की मांग की है।

साथ ही दवा के प्रोडक्शन-डिस्ट्रीब्यूशन, राज्य-केंद्र के अधिकारियों की भूमिका और पीड़ित परिवारों को मुआवजे देने की भी मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने दवा सुरक्षा, नियम और निगरानी में गंभीर चूक बताई है और आरोप लगाया है कि ये बच्चों के जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षित दवाओं के अधिकार का उल्लंघन है।

## जहरीला कफ सिरप

### एमपी में ड्रग कंट्रोलर को हटाया, तीन अफसर सस्पेंड; पीड़ितों से मिले सीएम यादव

# सरकार ने माना रासायनिक जहर से हुई छिंदवाड़ा की घटना

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा और बैतूल में जहरीले तत्वों वाला कफ सिरप पीने के बाद किडनी फेल होने से अब तक 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। इस मामले में सीएम डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्य को हटा दिया है।

सीएम ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन के उपसंचालक शोभित कोष्टा, छिंदवाड़ा के ड्रग इंस्पेक्टर गौरव शर्मा और जबलपुर ड्रग इंस्पेक्टर शरद जैन सस्पेंड करने के निर्देश भी दिए हैं। शासन ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संचालक दिनेश श्रीवास्तव को फूड और ड्रग कंट्रोलर का अतिरिक्त चार्ज



दिया है।

इधर, सरकार ने इस मामले में जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम(स्ढ्डञ्) बनाई है। बता दें कि सीएम डॉ. मोहन यादव सोमवार को छिंदवाड़ा जिले के परासिया पहुंचे थे। यहां उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।

### सरकार ने माना रासायनिक टॉक्सिसिटी से हुई मौतें

भोपाल में सोमवार को हुई राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ह।रू) की बैठक में प्रमुख सचिव संदीप यादव ने बताया कि छिंदवाड़ा में बच्चों की मृत्यु के सभी पहलुओं की गहन जांच की गई। बच्चों के रीनल बायोप्सी रिपोर्ट में पाया गया कि मौत एक्यूट ट्यूबुलर नेक्रोसिस के कारण हुई, जो किसी रासायनिक टॉक्सिसिटी की ओर इशारा करता है।

बैठक में तय हुआ कि अब डॉक्टर बच्चों को कोई भी सिरप लिखते समय अतिरिक्त सावधानी बरतेंगे। वहीं, फार्मेसी में बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के दवाओं की बिक्री को लेकर भी सरकार ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने साफ कहा कि मासूमों की मौत हृदयविदारक है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि केंद्र और राज्य के दिशा-निर्देशों को सख्ती से लागू किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी दोबारा न हो।

इधर, इंदौर में कलेक्टर शिवम वर्मा प्रतिबंधित ड्रग्स या सिरप लिखने वाले डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं।

# बंगाल के जलपाईगुड़ी में भाजपा सांसद पर हमला, सिर फूटा


**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में सोमवार को भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर सैकड़ों लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया। लोगों ने सांसद पर पत्थरबाजी की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका सिर फूट गया। खगेन, मालदा से सांसद हैं। मामला जलपाईगुड़ी जिले के दुआर्स क्षेत्र के नागरकाटा का है।

भीड़ ने सांसद के साथ गए भाजपा विधायक शंकर घोष और अन्य नेताओं पर भी हमला किया। सभी बाढ़ प्रभावित इलाके में लोगों को राहत सामग्री बांटने गए थे। हमले से पहले 500 से ज्यादा लोगों ने %वापस जाओ% के नारे लगाए और सड़कें जाम कर दीं।



हमले के बाद सामने आई तस्वीरों में भाजपा सांसद खून से लथपथ एक गाड़ी में बैठे हुए दिखाई दिए। उनके चेहरे से लगातार खून बहता हुआ दिखा। उनका सफेद कुर्ता और गमछा भी खून से लाल हो गया। वे रूमाल से बार-बार अपने चेहरे को पोंछते हुए दिखाई दिए। मुख्यमंत्री ममता भी आज बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौर करने वाली हैं। उन्होंने आज सुबह कोलकाता से रवाना होते वक्त कहा था कि वे हासीमारा एयरफोर्स स्टेशन पर उतरेंगी और फिर वहां से बाढ़ प्रभावित नागरकाटा जाएंगी।

# संपादकीय



## संपादकीय : 'जूता और न्याय — जब धर्मांधता ने अदालत की चौखट लांघी'

### प्रस्तावना — जब आस्था ने विवेक पर हमला किया



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत का सर्वोच्च न्यायालय वह स्थान है जहाँ संविधान सबसे ऊपर होता है — जहाँ न धर्म की दीवार है, न जाति की, न सत्ता की।
मगर सोमवार को इस पवित्र परिसर में जो हुआ, उसने भारत के लोकतांत्रिक विवेक को झकझोर दिया।
एक वकील ने मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की और नारा लगाया — **'सनातन का अपमान नहीं सहेंगे।'**
यह सिर्फ़ एक अदालत में अनुशासन भंग नहीं था — यह न्याय की आत्मा पर हमला था।
जिस देश में गीता की पंक्तियाँ भी 'कर्म' पर जोर देती हैं, वहाँ अब 'कर्म' की जगह 'क्रोध' ने ले ली है।

### अदालतें अखाड़े नहीं होतीं

वकालत का पेशा संवाद, तर्क और न्याय की मर्यादा पर टिका है।
जब कोई वकील अदालत में जूता उछालता है, तो वह सिर्फ़ अनुशासन नहीं तोड़ता — वह संविधान के अनुच्छेद 19 (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) और 21 (जीवन व गरिमा का अधिकार) की आत्मा को भी रौंदता है।
न्यायालय वह जगह है जहाँ मामला लड़ा जाता है, मर्यादा नहीं तोड़ी जाती।
अगर अदालतें भी 'भावनाओं का रणक्षेत्र' बन जाएँ, तो न्याय का संतुलन टूट जाएगा और विवेक की जगह उन्माद ले लेगा।

### गवई की टिप्पणी और 'ईश्वर बनाम तर्क' की लड़ाई

बताया जा रहा है कि वकील सीजेआई गवई की उस टिप्पणी से आक्रोशित था, जिसमें उन्होंने कहा था — **'अगर तुम भगवान विष्णु के भक्त हो, तो उनसे कहो कि वे खुद मूर्ति को ठीक करें।'**
यह वाक्य व्यंग्य नहीं था — यह तर्क की कसौटी पर खरा उतरता न्यायिक कथन था।
पर समस्या यह है कि आज का समाज धर्म की रक्षा के नाम पर विवेक की हत्या करने में जुट गया है।

### क्या अब कोई ईश्वर से प्रश्न भी नहीं पूछ सकता?

अगर भगवान सर्वशक्तिमान हैं, तो उनके भक्त इतने असहाय क्यों हो गए हैं कि अदालतों में जूते फेंककर उनकी 'रक्षा' करनी पड़ रही है?

### अंधभक्ति का वायरस और विचार का पतन

यह घटना कोई अकेली नहीं है।
यह उस 'अंधभक्ति के वायरस' की अभिव्यक्ति है जो इंसान से पहले उसकी सोच को संक्रमित करता है।
इस वायरस से ग्रसित व्यक्ति को न भूख दिखती है, न बेरोज़गारी, न अन्याय — उसे बस 'अपमान' का भ्रम दिखता है और 'ईश्वर' का भय सिखाया जाता है।
**याद कीजिए** — आपातकाल में न्यायपालिका झुकी नहीं थी, उसने लोकतंत्र की रक्षा की थी।
आज अगर अदालत पर हमला 'सनातन' के नाम पर होता है, तो यह धर्म का नहीं, विवेक का पतन है।

### गवई की शांति — न्याय की सबसे बड़ी विजय


घटना के बाद भी सीजेआई गवई शांत रहे।
उन्होंने अदालत से कहा —
'हम विचलित नहीं हैं, ये बातें मुझे प्रभावित नहीं करतीं।'
यह वाक्य पूरे देश के लिए सबक है।
जब जूता उछला, तब भी न्याय की कुर्सी नहीं डगमगाई —
यही फर्क है भावना और विवेक, धर्मांधता और धर्म के बीच।
गवई की शांति ने साबित किया कि न्याय की ताकत गुस्से में नहीं, संयम में होती है।

### निष्कर्ष — अगर अदालतें डर गईं, तो संविधान गिर जाएगा

यह घटना चेतावनी है।
अगर अदालतों पर 'धर्म की रक्षा' के नाम पर हमले होंगे, तो अगला निशाना संविधान होगा।
और जब संविधान गिरता है, तो कोई भी धर्म सुरक्षित नहीं रहता।
भारत की ताकत उसके तर्क में है, नारे में नहीं।
यह देश मंदिरों से नहीं, संविधान से चलता है।
यहाँ पूजा नहीं होती — यहाँ प्रश्न पूछे जाते हैं।

### अंतिम पंक्ति

'जिस दिन अदालतें डरने लगेंगी, उस दिन इंसाफ़ की चौखट पर ताले लग जाएंगे—
और तब न कोई 'सनातन' बचेगा, न संविधान।'




# दवा जहर बन फिर से मासूमों की मौत न बने

- ललित गर्ग -



दो राज्यों राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप से जुड़ी बच्चों की मौत की घटनाएं देश की दवा नियामक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। यह केवल एक चिकित्सा त्रुटि या आकस्मिक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस तंत्र की विफलता का प्रतीक है जिस पर जनता अपने जीवन की रक्षा के लिए भरोसा करती है। दवा जैसी जीवनदायी वस्तु में भी जब लालच, लापरवाही या भ्रष्टाचार घुसपैठ कर जाते हैं तो वह अमृत भी विष बन जाता है। बच्चों की मासूम जानें जब घटिया या मिलावटी दवा के कारण चली जाती हैं, तो यह केवल परिवारों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिकता एवं विश्वास की मृत्यु होती है। कफ सिरप में पाए गए विषैले तत्व-जैसे डाइएथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल, पहले भी कई देशों में सैकड़ों बच्चों की जान ले चुके हैं। फिर भी बार-बार ऐसे हादसे होना इस बात का प्रमाण है कि भारत की दवा नियामक व्यवस्था में संरचनात्मक खामियां बनी हुई हैं। सवाल है कि पिछली गलतियों से क्या सीखा गया? भारत में बने कफ सिरप पहले भी सवालों में आ चुके हैं। 2022 में गाम्बिया में कई बच्चों की मौत के बाद डब्ल्यूएचओ ने एक भारतीय कंपनी के कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की थी। इसके बाद भी कई और जगहों से इसी तरह की शिकायत आई।


दवाओं के उत्पादन में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। करीब 200 देशों में यहां से दवाएं निर्यात होती हैं और जेनेरिक दवाएं सबसे ज्यादा यहीं बनती हैं। इन उपलब्धियों के बीच इन दो प्रमुख राज्यों में कफ सिरप की वजह से बच्चों की मौत शर्मनाक एवं त्रासदीपूर्ण है। इससे स्पष्ट है कि दवा के क्षेत्र में जिस तरह की निगरानी, मानक और सुरक्षा उपायों की जरूरत है, उसमें कोताही बरती जा रही है। दवा के रूप में जहर धडल्ले से मासूमों की मौत का कारण बन रहा है। इस घटना सामने आने के बाद कार्रवाई का दौर भले ही जारी है। दवाएं वापस ली गई हैं, केस दर्ज हुआ है और नैशनल रेगुलेटर अथॉरिटी ने कई राज्यों में जांच की है। इन घटनाओं से साफ है कि दवा निर्माण की प्रक्रिया में कच्चे माल के स्रोत से लेकर तैयार उत्पाद की गुणवत्ता जांच तक हर स्तर पर लापरवाही व्याप्त है। कई कंपनियां लागत घटाने के लिए औद्योगिक ग्रेड के सॉल्वेंट या रसायनों का प्रयोग कर लेती हैं जो मानव उपभोग के लिए निषिद्ध होते हैं। वहीं निरीक्षण और परीक्षण की सरकारी व्यवस्था न केवल कमज़ोर है बल्कि अक्सर प्रभावशाली कंपनियों के दबाव में निष्क्रिय भी हो जाती है। राज्य और केंद्र स्तर के दवा-नियामक विभागों में पर्याप्त संसाधन और तकनीकी क्षमता का अभाव है, जिससे समय पर निगरानी और सैंपल परीक्षण संभव नहीं हो पाता। जब निरीक्षण औपचारिकता बन जाए और रिपोर्टें खरीद-फरोख्त की वस्तु बन जाएं, तब ऐसी त्रासदियां स्वाभाविक हैं। तमिलनाडु की दवा कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के 'कोल्ड्रिफ' कफ सिरप के नमूने में 48.6 प्रतिशत डाई एथिलीन ग्लाइकॉल मिला है, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार इसकी मात्रा 0.10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह एक खतरनाक इंडस्ट्रियल केमिकल है, जिसका इस्तेमाल गाड़ियों और मशीनों में होता है। इसकी वजह से पीड़ित बच्चों की किडनी फेल हो गई।

इन घटनाओं ने न केवल स्वास्थ्य प्रशासन की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाई है बल्कि भारत की वैश्विक छवि पर भी धब्बा लगाया है। पिछले वर्षों में अफ्रीकी देशों में भी भारतीय सिरप से हुई मौतों के बाद कई देशों ने हमारे फार्मा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया था। अब घरेलू स्तर पर घटित ऐसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि हमने उन हादसों से कोई सबक नहीं लिया। दुनिया के सबसे बड़े जेनेरिक दवा उत्पादक देश के रूप में भारत को यह मानना होगा कि केवल उत्पादन की मात्रा नहीं, बल्कि गुणवत्ता ही हमारी असली ताकत होनी चाहिए। इस संकट का सबसे पीड़ादायक पहलू यह है कि इसका शिकार वे मासूम बच्चे बने जिनकी प्रतिरोधक क्षमता अभी विकसित नहीं हुई थी और जिनकी जीवन रक्षा का उत्तरदायित्व समाज और राज्य पर है। इन मौतों की नैतिक जिम्मेदारी केवल दोषी कंपनियों पर नहीं, बल्कि उस पूरे तंत्र पर है जिसने नियमन और नैतिकता की आंखें मूंद लीं। दवाओं में मिलावट या गलत प्रमाणपत्र देना कोई साधारण अपराध नहीं बल्कि मानवता के खिलाफ किया गया घोर अपराध है। इस पर कड़े से कड़ा दंड होना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी निर्माता या अधिकारी ऐसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचे।

भारत के फार्मास्युटिकल मार्केट का आकार लगभग 60 अरब डॉलर है। इसका बड़ा हिस्सा छोटी कंपनियों के पास है। सीडीएससीओ ने इस साल अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ज्यादातर छोटी और मझोली कंपनियों की दवाएं जांच में तयशुदा मानक से कमतर पाई गईं। इस जांच में 68 प्रतिशत एमएसएमई फेल हो गई थीं। इससे पहले, जब केंद्रीय एजेंसी ने 2023 में जांच की, तब भी 65 प्रतिशत कंपनियों की दवाएं सब-स्टैंडर्ड मिली थीं। प्रश्न है कि यह तथ्य सामने आने के बाद आखिर सरकार क्या सोच कर इन दवाओं को बाजार में विक्रय क्यों जारी रहने दिया? क्यों ऐसे हादसे होने दिये जाते रहे? यह आवश्यक है कि दवा उद्योग में कच्चे माल की ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित की जाए, हर बैच की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो और दवाओं के मानक अंतरराष्ट्रीय स्तर के हों। केंद्र और राज्य सरकारों को ड्रग इंस्पेक्टरों की संख्या और प्रयोगशालाओं की क्षमता बढ़ानी चाहिए। हर कंपनी के लाइसेंस नवीनीकरण के समय उसकी पिछली गुणवत्ता रिपोर्ट और परीक्षण परिणामों की समीक्षा की जानी चाहिए। जिन कंपनियों ने सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया है, उनके लाइसेंस तत्काल रद्द कर दिए जाने चाहिए और शीर्ष प्रबंधन को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं, बल्कि इन मामलों में आपराधिक जिम्मेदारी तय करना भी जरूरी है। इसके साथ ही चिकित्सा जगत और समाज को भी आत्मचिंतन करना चाहिए। डॉक्टरों को यह समझना होगा कि शिशुओं को ओटीसी- ऑवर दी कॉउन्टर दवाएं देना कितना खतरनाक हो सकता है। सरकार द्वारा जारी परामर्श और चेतावनियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। मीडिया को भी सनसनी से ऊपर उठकर जनता को जागरूक करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। इन त्रासदियों को केवल समाचार बनाकर भुला देना नहीं, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य-सुधार के आंदोलन में बदलना समय की मांग है। क्योंकि सरकारी अनुमान से इस साल देश का दवा निर्यात 30 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। वहीं, 2030 तक फार्मा मार्केट के 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। लेकिन, इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। दवाओं की जांच और निगरानी अभी तक की कमजोर कड़ी साबित हुई है। केंद्रीय और राज्य की नियामक एजेंसियों को ज्यादा बेहतर तालमेल के साथ, पारदर्शिता, ईमानदारी और ज्यादा तेजी से काम करने की जरूरत है, क्योंकि यह मामला केवल इकॉनमी या देश की छवि ही नहीं, अनमोल जिंदगियों से जुड़ा है। अंततः यह घटना हमें याद दिलाती है कि जीवन रक्षा के साधनों में जब नैतिकता का अभाव हो जाता है तो प्रगति की समूची इमारत ध्वस्त हो जाती है। दवा उद्योग में पारदर्शिता, जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। सरकार और समाज दोनों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी बच्चे की जान किसी घटिया या मिलावटी दवा के कारण न जाए। जब तक दवा बनाने वाला और दवा बांटने वाला अपनी जिम्मेदारी को धर्म, करुणा, विश्वास और ईमानदारी की दृष्टि से नहीं देखेगा, तब तक ऐसी त्रासदियां दोहराई जाती रहेंगी। इसलिए अब वक्त आ गया है कि हम दवा नहीं, दायित्व बनाएं, नियमन नहीं, निष्ठा पैदा करें और इस मानवता विरोधी अपराध के लिए दोषियों को उदाहरण स्वरूप कठोरतम दंड दें ताकि भविष्य में जीवन रक्षक औषधि फिर से विश्वास की प्रतीक बन सके।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3673




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3672 का हल



## हंसी के फूव्वारें

रामू के घर से चिट्ठी आयी.

राजी-खुशी के समाचार के बाद लिखा था कि उसकी घरवाली ने लड़के को जन्म दिया है. इसी खुशी में रामू ने सबको मिठाई बांटी. फिर अगले दिन जब वह सामान बांधने लगा तो उसके मित्र ने पूछा- "रामू घर जा रहे हो?"

"हां!"

फिर उदास होता हुआ बोला-"दो वर्ष हो गये घर की शक्ल देखे! अब सोचा कि कुछ दिन के लिए हो ही आऊं."

□ □ □

टेलीफोन रखकर डाक्टर ने झपटकर अपना थैला उठाया और हड़बड़ाकर बाहर जाने लगा. डाक्टर की जवान बेटी अन्दर आ रही थी. उसने पिता को हड़बड़ी में देखकर पूछा-"इतनी जल्दी आप कहां जा रहे हैं, पिताजी?"

"एक टेलीफोन आया था!" डाक्टर बोला -"इमरजेंसी कॉल है शायद! एक आदमी कह रहा था-'मैं मरा जा रहा हूं, आप यहां फौरन आ जाएँ'."


इस पर डाक्टर की बेटी ने शरमाकर कहा-"तब वह आपका नहीं, मेरा टेलीफोन रहा होगा, पिताजी!"

□ □ □

जज -"मुजरिम, तुमने झूठ बोलने की कोशिश की है."

मुजरिम -'माई-बाप, वकील के होते मुझे क्या जरूरत पड़ी है.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3673



**बायें से दायें:-**

१. नाना, सलमान, सीमा, मनीषा की 'आज मैं ऊपर' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जै जै शिवशंकर' गीत वाली संजीव कुमार, राजेश, मुमताज की फिल्म-३,३
७. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबानो की 'आज की रात नया चांद' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली अजय, मा.सत्यजीत, अलका की फिल्म-३
११. मनोजकुमार, बबीता की 'वो परी कहां से लाऊं' गीत वाली फिल्म-४
१२. 'राम हो क्या तुम' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-२,३
१४. फिल्म 'बावरे नैन' में राजकुमार के साथ नायिका कौन थी?-२
१६. अमिताभ, नीतूसिंह की 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि कपूर, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
१९. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'ये उजली चांदनी जब' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिल ने चाहा है क्या' गीत वाली सनी देओल, फरहा की फिल्म-३
२१. फिल्म 'चोरी चोरी' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन है.?-२
२२. संजयदत्त, फरहा की 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'तूने जिंदगी में आके' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय खन्ना, अमीषा पटेल की फिल्म-४
२७. अमिताभ, वहीदा, नीतू सिंह की 'हमका ऐसा वैसा ना' गीत वाली फिल्म-४
२८. फिल्म 'मासूम' का नायक था-२,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'वादा रहा' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२. मिथुन चक्रवर्ती, मुनमुन सेन की १९८६ की एक फिल्म-२
४. 'एक चतुर नार' गीत वाली सुनीलदत्त, किशोरकुमार, सायराबानो की फिल्म-४
५. अनिल, जैकी, पूजा भट्ट की 'जो मांगा था ख्वाब में' गीत वाली फिल्म-२,१,२
६. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
८. अजय देवगन, अक्षय, उर्मिला की 'ये ताजगी ये सादगी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'राजा की आयेगी बरात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
११. राकेश रोशन, हेमा की 'आज उनसे पहली' गीत वाली फिल्म-३,२
१३. 'जाना तेरे प्यार में' गीत वाली अश्मित पटेल, इमरान हाशमी, मल्लिका की फिल्म-३
१५. प्रदीपकुमार, बीना राय की 'पाँव छू लेने दो' गीत वाली फिल्म-५
१७. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिलकपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१९. फिल्म 'प्यार कोई खेल नहीं' में महिमा के साथ नायक कौन था-२
२१. 'अकेले हैं चले आओं' गीत वाली राजेशखन्ना, बबीता की फिल्म-२
२३. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की 'चुपके से दिल देदे' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'गाँवार' में नायक कौन था-३
२६. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3672



## सूडोकु - 3673


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3672 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3673



**बाएँ से दाएँ**

1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

शब्द पहेली -3672 का हल



# लॉजिस्टिक प्लान से बढ़ेगा निवेश

## बेहतर रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा तैयार, नवंबर में कंपनी चयन, तीन महीने में तैयार होगा प्लान

**नोएडा।** नोएडा में निवेश को बढ़ाने के लिए रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर का ऐसा प्लान तैयार किया जाएगा जिससे मॉल को लाने और ले जाने में समस्या और समय की बचत हो। इसी के लिए लॉजिस्टिक प्लान तैयार किया जा रहा है। ये प्लान एक कंपनी तैयार करेगी। जिसका चयन नवंबर महीने में होगा। कंपनी नोएडा के इंडस्ट्रियल सेक्टरों का अध्ययन करेगी और दो से तीन महीने में प्लान देगी। टेंडर के जरिए इस प्लान को यहां लागू कराया जाएगा। जिसमें रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता दी जाएगी।
बता दे नोएडा में नए विकसित किए जा रहे औद्योगिक सेक्टर एक्सप्रेस वे के किनारे है। जिससे मॉल लाने और ले जाने में दिक्कत न हो। साथ ही ट्रकों का प्रवेश शहर के अंदर सड़कों पर न हो। वे एक्सप्रेस पर सेक्टर होने से एयरपोर्ट के जरिए भी सामान भेजना आसान होगा। वहां वेयरहाउस भी बन रहे है। चूकी नोएडा दिल्ली को सीधे जोड़ता है। इसलिए यहां लॉजिस्टिक प्लान बेहद जरुरी है।




नोएडा नेशनल लॉजिस्टिक पॉलिसी (एनएलपी) को अपनाकर ही शहर का सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान (सीएलपी) बनाएगी। इसके तहत माल ढुलाई भागीदारी समिति (एफपीसी) का गठन किया जाएगा। इन समितियों में सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत, लॉजिस्टिक्स प्रदाता और शैक्षणिक विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो सामूहिक रूप से अलग-अलग क्षेत्रों जैसे ई-कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिक्स के लिए विशेष कार्य योजनाएं बनाएंगे।

### नीयत यातायात से प्रदूषण होगा कम

नए प्लान के तहत शहर के प्रमुख रास्तों पर लॉजिस्टिक एक नीयत ढंग से चलेगा। जिससे सड़कों पर वायु प्रदूषण कम होगा और यातायात जाम भी नहीं होगा। प्लान तैयार करने के बाद प्राधिकरण इसे नोएडा में लागू करेगा।

# जिला प्रशासन की कृषक भाइयों से अपील

▸ पराली को जलाने की बजाय उसे खेत में ही गला कर खाद के रूप में करें इस्तेमाल

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले के उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि फसलों के अवशेष जलाने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए दिशा निर्देश निर्गत किये गये है तथा गौतमबुद्धनगर के कुछ क्षेत्रों में धान काटने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। धान की कटाई के तुरन्त बाद ही गेहूँ की बुआई के लिए कुछ किसान बंधु पराली को खेतों में ही जला देते है। पराली से वातावरण को दूषित होने से रोका जाना नितान्त आवश्यक है। पराली जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है तथा मित्र कीट भी नष्ट हो जाते है, जिससे मनुष्य, पशु, पक्षियों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने संज्ञान लेते हुए निर्देश जारी किये है यदि जनपद में पराली जलाने के दोषी पाये जाते है तो सम्बन्धित किसान पर 2500 रुपये से लेकर 15000 रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर न्याय पंचायत स्तर, विकास खण्ड स्तर एवं तहसील स्तर पर गठित सचल दलों एवं सेटेलाइट के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है।

# नोएडा में सॉल्वर गिरफ्तार

## दूसरे की जगह परीक्षा देने आया था, फर्जी दस्तावेज और कैश बरामद

**एजेंसी**

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस ने सरकारी नौकरी की परीक्षा में एक फर्जी परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहा था।
उसके पास से फर्जी दस्तावेज, मोबाइल फोन, लैपटॉप और 5000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।
थाना फेस-3 पुलिस को सूचना मिली थी कि आदर्श परीक्षा केंद्र, सेक्टर-64, नोएडा में फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर कोई व्यक्ति परीक्षा दे रहा है।
सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विश्व भास्कर पुत्र नंदकिशोर को मौके से गिरफ्तार किया।
आरोपी के कब्जे से परीक्षार्थी मोहित कुमार मीना के नाम पर एक मूल आधार कार्ड, एक प्रमाणित एडमिट कार्ड, आईबीपीएस के आवेदन फॉर्म और अन्य संबंधित दस्तावेज मिले हैं। इसके अलावा, पुलिस ने एक आईफोन, एक एचपी लैपटॉप, 5000 रुपये नकद, एक चार्जर और अभियुक्त के दो आधार कार्ड भी बरामद किए हैं।



सेंट्रल नोएडा की एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि पूछताछ में आरोपी विश्व भास्कर ने बताया कि वह विभिन्न सरकारी परीक्षाओं के परीक्षार्थियों से संपर्क करता था। वह उन्हें परीक्षा पास कराने का भरोसा दिलाकर पैसे लेता था।
इसके बाद वह परीक्षार्थी के नाम पर फर्जी एडमिट कार्ड और आधार कार्ड जैसे दस्तावेज तैयार करता था और उन्हीं के आधार पर परीक्षा में शामिल होता था।
आरोपी ने आईआईएम इंदौर से एमबीए किया है और वर्तमान में गुरुग्राम की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) में कार्यरत है।

# जेवर में बेमौसम बारिश से धान की फसल को नुकसान

**जेवर।** सोमवार को जेवर क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश से किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। कटाई के लिए तैयार खड़ी फसलें खेतों में गिर गईं, जिससे पैदावार पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। किसानों के अनुसार, कनारसी, जुनेदपुर, नवादा, हतेवा, झुप्पा, नीमका, चांदपुर, जगनपुर और मकनपुर सहित कई गांवों में धान की फसल 90 प्रतिशत तक पक चुकी थी। कुछ किसानों ने कटाई भी शुरू कर दी थी। बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है और धान की बालियां जमीन से लगकर सड़ने लगी हैं। किसान बीरसिंह, प्रेम प्रधान, नेमचंद और सतीश ने बताया कि बारिश से फसल पूरी तरह गिर गई है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि दोबारा बारिश होती है, तो उन्हें और अधिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों का कहना है कि खाद और डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण पहले ही लागत बढ़ गई है, ऐसे में मौसम की मार उन्हें कर्ज में धकेल सकती है। मौसम के इस अचानक बदलाव से क्षेत्र के किसान चिंतित हैं।

# नोएडा में हुई तेज बारिश, सड़कों पर पानी भरने से लगा जाम

## कई स्थानों पर क्रासिंग की लाइट खराब

**नोएडा।** नोएडा में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। सोमवार दोपहर से ही आसमान पर घने काले बादलों का डेरा रहा और रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रही। बारिश से जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। वहीं लोगों को सड़क पर वाहन चलाने में दिक्कत हुई। यहां कई सड़कों पर हल्का जलभराव भी हुआ। कुछ एक स्थानों पर क्रासिंग की लाइट भी खराब हो गई। जिससे लोगों को जाम मिला। दोपहर बाद बारिश थम गई हालांकि बादल छाए रहे। जिससे तापमान में 5 से 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई।
आईएमडी मुताबिक 2 दिनों तक हल्की बारिश होने की उम्मीद है। इसके बाद ही बारिश में कमी आएगी, हालांकि आसमान में बादल बने रहेंगे। सात अक्टूबर को हल्की बारिश की



संभावना है। इसके बाद मौसम साफ रहेगा। धूम निकलेगी और तापमान में कमी रहेगी। बारिश के बाद 30 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं नमी की मात्रा 80 प्रतिशत रिकार्ड की गई। हवा की रफ्तार 5 किमी प्रतिघंटा रही। इस बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली।
नोएडा के हरौला, सलारपुर, भंगेल, बरौला के अलावा ग्रेटरनोएडा के कुलेसरा में कई स्थानों हल्का जलभराव हुआ है। वहीं सेक्टर-62, 63,58 फेज-2 में भी कुछ एक स्थानों के सड़कों के किनारों पर पानी भरा। हालांकि बारिश के बाद पानी उतर गया। जिससे लोगों को राहत मिली।

### 78 दर्ज किया गया एक्यूआई

नोएडा के एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार हुआ है, नोएडा के एयर क्वालिटी इंडेक्स इस समय 78 दर्ज किया गया है जो कि इस माह का सबसे स्वच्छ दिन कहा जा सकता है।
बारिश और तेज़ हवाओं ने स्थिति को बेहतर किया है। बारिश के साथ ही ठंड भी बढ़ने लगी है। जिसे सर्दियों की आने वाले आहट के रूप में देखा जा सकता है।

# नोएडा में पिस्टल दिखाकर सफाई कर्मी को पीटने वाला गिरफ्तार

▸ पिस्टल और फॉर्च्यूनर कार जब्त, पत्नी से हुई थी कहासुनी

नोएडा। नोएडा में एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक फॉर्च्यूनर कार सवार युवक साफ-सफाई कर्मी को पिस्टल दिखाकर पहले पीटता है फिर गाली गलौज करते हुए वहां से फरार हो जाता है। ये घटना 4 अक्टूबर की है।
वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया। सफाई कर्मी की शिकायत पर आरोपी को सोमवार को सेक्टर-50 बिजली घर के पास से गिरफ्तार किया। इसका नाम योगेश यादव है। साथ में इसकी फॉर्च्यूनर कार को भी जब्त किया गया है।



### पहले जानते है क्या था वीडियो

4 अक्टूबर को एक सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होता है। जिसमें होशियारपुर की एक गली में सफाई कर्मी अपनी कूड़ा गाड़ी लेकर जा रहा था। इस दौरान फॉर्च्यूनर कार में कूड़ा गाड़ी टच होती है।
इस बात को लेकर योगेश यादव पहले कार से उतरता है। मारपीट करता है फिर तमंचा निकलाकर जान से मारने की धमकी देता है। वहा मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### पत्नी से हुई थी कहासुनी

आरोपी 4 अक्टूबर को बेहलोलपुर अपनी पत्नी से मिलने गया था। वहां उससे कहासुनी हुई। जिसके बाद वो होशियारपुर गया। वहीं सफाई कर्मी से उसका विवाद हो गया।

### आरोपी से पिस्टल बरामद

पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीम बनाई थी। लगातार टीम दबिश दे रही थी।
सर्विलांस के जरिए जानकारी मिली कि आरोपी सेक्टर-50 के पास आ रहा है। पुलिस ने वहीं से योगेश को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक लाइसेंसी पिस्टल और छ जिंदा कारतूस भी बरामद किए।

# टप्पेबाजी करने वाली 3 गिरफ्तार

## महिलाओं से लूटी जूलरी और नकद बरामद

**नोएडा।** नोएडा में टप्पेबाजी कर महिलाओं से कीमती सामान चोरी करने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2 कान की टाप्स पीली धातु , एक लॉकेट पीली धातु , लाल सफेद मोती की माला और 9780 रुपए नकद बरामद किए गए है। इनके नाम कमल, दिलशेर और वाजिद हुई है। इनकी गिरफ्तारी सेक्टर-22 से की गई है।
पीड़िता ने शिकायत में बताया कि 5 अक्टूबर को पीड़िता मयूर विहार फेज-3 जाने के लिए 12/22 चौराहे पर खड़ी थी। इस दौरान तीन व्यक्ति पास आए और बोले आपके भाइयों में झगड़ा चल रहा है। अगर आप चाहती है सभी प्यार से रहे तो हम मंदिर में पूजा करवाकर सही करवा देंगे। उनकी बातों में आकर आई ब्लाक सेक्टर-22 के मंदिर उनके साथ चली गई। वहां उन्होंने मंत्र पढ़े और कहा कि आप अपनी ज्वैलरी उतारकर अपने पर्स में रख लो।
तीनों ने मुझे बातों में फंसाया और पर्स लेकर चले गए। जब तक मै समझी तीनों वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया।
इन तीनों पर बुलंदशहर, नोएडा , मुजफ्फर नगर , खतौली में मुकदमे दर्ज है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नोएडा में 1.21 करोड़ की धोखाधड़ी में आरोपी गिरफ्तार



नोएडा। नोएडा सेक्टर-142 कोतवाली पुलिस ने 1.21 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी में नामजद चैतन्य चौहान उर्फ चमन सिंह को रविवार को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।
रेडटेप लिमिटेड की ओर से की शिकायत में बताया कि चैतन्य चौहान ने विश्वास जीतकर कंपनी को गुजरात और हरियाणा क बकाया टैक्स भुगतान के नाम पर ठगी की। आरोप है चैतन्य ने कंपनी प्रबंधन को यह कहते हुए धोखे में रखा कि कंपनी का रजिस्ट्रेशन न होने के कारण कर भुगतान स्थानीय कंसल्टेंट के जरिए किया जा सकता है। कथित स्थानीय कंसल्टेंट अयुष , आशीष कुमार, अमित कुमार, सोनाली सिन्हा और गौरव रात के बैंक खातों में 67 लाख और 51.84 लाख की रकम गुजरात और हरियाणा सरकार को भुगतान के नाम पर ट्रांसफर कराई।

### फर्जी दस्तावेज का किया इस्तेमाल

बात में कंपनी की ऑडिट के दौरान पता चला कि जिन चालानों और आदेश पर भुगतान किया गया वो सभी फर्जी है। आरोपियों ने ऑनलाइन सभी फर्जी दस्तावेज और चालान बनाए थे। यही नहीं चैतन्य ने विश्वास दिलाया कि कर भुगतान किया जा चुका है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। चैतन्य चौहान पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) है। मूलरूप से अमरोहा का रहने वाला है। वर्तमान में वह वसुंधरा गाजियाबाद में रहता है।

# निलंबित दरोगा और महिला सिपाही के आपत्तिजनक फोटो वायरल

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा सेक्टर-24 थाने से निलंबित दरोगा और महिला सिपाही के आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। दरोगा और महिला सिपाही घर से फरार है। दरोगा की पत्नी ने इस मामले की शिकायत बिसरख कोतवाली पुलिस से की है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी में रहने वाली महिला ने दरोगा पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि उसके पति का एक महिला सिपाही से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों घर छोड़कर एक साथ फरार हो गए हैं। अब दोनों के आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। उनके कुछ व्हाट्सएप चैट भी वायरल हो रहे हैं।इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दरोगा को पूर्व में निलंबित किया जा चुका है। महिला सिपाही पर भी कार्रवाई हुई है। दोनों की विभागीय जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद इनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ब्रेजा कार चोरी करने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

## मैगनेट से खोलते हैं लॉक, 50 हजार रुपए में बेचते थे

**नोएडा।** मैगनेट के जरिए ब्रेजा कार चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन लोगों को थाना फेज-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम हेमंत कुमार, अमित और बलजीत उर्फ बाबी है। ये लोग कार चोरी कर अपने एक साथी को 50-50 हजार में बेच देते है। इनके पास से 4 नंबर प्लेट , एक लोहे की टी, एक चकोर मैगनेट कार चोरी करने वाले उपकरण बरामद किया गया है। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि पुलिस सेक्टर 82 पर चैकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर की स्कूटी के पास खड़े तीन लोगों को पुलिस ने रोका। तलाशी और पूछताछ की गई। इन तीनों को गिरफ्तार किया गया। इसमें हेमंत के पास से 10 हजार रुपए , अमित के पास से 10 हजार और बलजीत के पास से 30 हजार रुपए बरामद किए गए। इन तीनों पर करीब 40 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है।



### एनसीआर में दर्ज है मुकदमा

इन तीनों पर बरेली, गौतमबुद्धनगर , मेरठ, दिल्ली, बुलंदशहर में मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने बताया कि तीनों की जानकारी इन जनपदों के अलावा अन्य जनपद भेजी जा रही है। वहां से जानकारी की जा रही है।

### कैसे करते है चोरी

पुलिस पूछताछ में बताया हेमंत व अमित बिना नंबर प्लेट की एक्टिवा स्कूटी से रात में रैकी करते है। ये लोग सिर्फ ब्रेजा कार की ही रैकी करते है। कार चोरी करने के बाद आपने साथी बॉबी उर्फ बलजीत को 50000-50000 रुपए में बेच देते है।

### मैगनेट से खोलते लॉक

हेमंत ने बताया कि वह लोहे की 'टी' से गाड़ी की खिड़की का लॉक खोलता है। अमित मैग्नेट को गाड़ी के स्टेरिंग के नीचे लगाकर स्टेरिंग लॉक खोलता है। एक बार लॉक खुलने पर डुप्लीकेट चाबी से कार स्टार्ट कर लेते है। इसके बाद कार चोरी कर फरार हो जाते है। इनके पास से बरामद चार नंबर प्लेट मिली है उसमें रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 16 बीएन 3301 की ब्रेजा कार को सेक्टर 110 नोएडा से चोरी की थी। वहीं रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 16 सीडब्ल्यू 1899 की ब्रेजा कार सेक्टर 22 नोएडा से चोरी की थी।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा सोसाइटी की लिफ्ट में कोबरा

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के सेक्टर-168 स्थित गोल्डन पाम सोसाइटी में देर शाम एक लिफ्ट के अंदर जहरीला कोबरा सांप मिलने से हड़कंप मच गया। निवासियों ने सांप को देखकर तुरंत सोसाइटी मेंटेनेंस टीम को सूचना दी। मेंटेनेंस टीम ने तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम के अनुसार, यह सांप जहरीली कोबरा प्रजाति का था। गनीमत रही कि समय रहते सांप को देख लिया गया और किसी भी अप्रिय घटना या चोट की सूचना नहीं मिली। मेंटेनेंस टीम ने सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़कर पास के वेटलैंड (आर्द्रभूमि) क्षेत्र में छोड़ दिया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सांप को लिफ्ट के फर्श पर रेंगते हुए देखा जा सकता है। यह घटना नोएडा के एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई।

## किसान जागृति दिवस मनाया

**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत की 90वीं जयंती सोमवार को दनकौर क्षेत्र में किसान जागृति दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, साथ ही कार्यकर्ताओं ने रक्तदान और पौधारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान बीकेयू (टिकैत) के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने महेंद्र सिंह टिकैत को किसानों की आवाज बताया। खटाना ने कहा कि टिकैत की शिक्षाएं आज भी किसानों के संघर्ष का मार्गदर्शन करती हैं। उन्होंने बताया कि जयंती पर कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर और पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने टिकैत के दिखाए मार्ग पर चलते हुए किसान हित में कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को एकजुट कर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

## कंपनी बनाने के लिए 1911 उद्यमियों को नोटिस जारी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियां तेज करने की तैयारी है। इसके लिए प्राधिकरण (यीडा) ने 1911 औद्योगिक भूखंडों के आवंटियों को नोटिस जारी कर उनसे प्लान मांगा है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि शहर में सेक्टर-24, 24ए, 28, 29, 32 और 33 औद्योगिक सेक्टर है। यहां अब तक 3042 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है, लेकिन वर्तमान में सिर्फ 15 कंपनियों में ही उत्पादन शुरू हो सका है। कई आवंटियों ने अब तक कंपनी का काम शुरू नहीं किया। प्राधिकरण ने ऐसे करीब 1911 आवंटियों को नोटिस जारी किया है। इनसे कंपनी शुरू करने का समय मांगा गया है।साथ ही, प्राधिकरण ने बार-बार नोटिस जारी करने के बावजूद उत्पादन न शुरू करने वाले आवंटियों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। बताया गया कि वर्तमान में मौके पर 273 कंपनियां निर्माणाधीन हैं। वहीं, करीब 700 से अधिक के नक्शे पास हो चुके हैं।

## आठ हजार से अधिक नए वाहन सड़क पर उतरे

**नोएडा।** जिले में नवरात्र पर आठ हजार से अधिक नए वाहन सड़कों पर उतरे हैं। परिवहन विभाग ने सोमवार को इसकी फाइनल संख्या जारी कर दी है। बीते साल नवरात्र के मुकाबले लगभग 80 फीसदी अधिक वाहन पंजीकृत हुए हैं। इनमें बाइक-स्कूटी सबसे अधिक बिकी हैं। परिवहन विभाग के अनुसार नवरात्र की अवधि में बिके वाहनों का पंजीकरण लगातार जारी था। इसमें छह अक्तूबर तक 8710 वाहन पंजीकृत हुए हैं। पंजीकृत वाहनों में 5426 दोपहिया वाहन और 3282 कारें शामिल हैं। इनमें 256 इलेक्ट्रिक कार, 399 स्ट्रांग हाईब्रिड कार, 761 सीएनजी कार, 374 डीजल कार और 1494 पेट्रोल कारे पंजीकृत हुई हैं।बीते साल नवरात्र पर 5021 वाहन पंजीकृत हुए थे। इसमें 2740 दोपहिया और 2281 कारें शामिल थी। ऐसे में इस बार 3689 अधिक वाहनों का पंजीकरण हुआ है। आरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि वाहनों की बिक्री के बाद सात दिन तक पंजीकरण के लिए समय रहता है। इसलिए नवरात्र में बिके वाहनों का पंजीकरण जारी था। उन्होंने कहा कि अब लगभग सभी वाहनों का पंजीकरण हो गया है।

## नोएडा में चलती बस में लगी आग

नोएडा। नोएडा में एलिवेटेड रोड के नीचे सेक्टर-28 के पास एक बस में आग लग गई। बस निजी आपरेटर की है जो नोएडा से गाजियाबाद जा रही थी। जिस दौरान बस में आग लगी, उस समय बस में सिर्फ चालक और परिचालक थे। आग लगते ही चालक ने बस को साइड में किया और कूद गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। दमकल की एक गाड़ी ने करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। आग के दौरान यातायात को रोक दिया गया। आग बुझाने के साथ ही यातायात को दोबारा से चालू किया गया। गनीमत रही कि बस में कोई सवारी नहीं थी। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग बुझाने के लिए दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया था। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन बस जलकर राख हो गई।

## पराली जलाने से रोकने के लिए टीमें बनाई

ग्रेटर नोएडा। प्रशासन ने जिले में पराली जलाने से रोकने के लिए ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकासखंड और तहसील स्तर पर मोबाइल टीमें गठित की हैं। सभी मोबाइल टीमें सैटेलाइट के जरिए भी स्थिति पर नजर रख रही हैं। अगर कोई किसान पराली जलाता है, तो उसे दंडित किया जाएगा। कृषि उपनिदेशक राजीव कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने भी पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिले में धान की कटाई शुरू हो गई है। शिकायतें मिली हैं कि कुछ किसान गेहूं की बुवाई की तैयारी के लिए खेतों में पराली जला रहे हैं।पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकना जरूरी है। किसानों को दिशा-निर्देश जारी कर पराली को जलाने के बजाय खेतों में ही खाद के रूप में इस्तेमाल करने के लिए कहा जा रहा है। किसी किसान के पराली जलाते पकड़े जाने या पराली जलाने की शिकायत मिलने पर 2500 रुपये से 15 हजार रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

## मालवाहक गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

ग्रेटर नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-148 कट के समीप मालवाहक पिकअप वाहन के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दनकौर क्षेत्र के ठसराना गांव के रहने वाले संदीप भाटी ने मुकदमा दर्ज करवाया। संदीप भाटी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता विक्रम सिंह भाटी रविवार को किसी काम से बाइक पर सवार होकर दिल्ली गए थे। दिल्ली से वह रविवार की शाम वापस घर लौट रहे थे।नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-148 कट के समीप पिकअप गाड़ी के चालक ने विक्रम सिंह भाटी की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में विक्रम सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की।

## दादी चार घंटे की नवजात को लेकर कोतवाली पहुंची

**दनकौर।** मायके और ससुराल वालों के बीच विवाद के चलते अस्पताल में जन्मी नवजात बच्ची को चार घंटे के बाद ही कोतवाली लेकर पहुंचना पड़ गया। दोनों पक्षों में आरोप-प्रत्यारोप के बीच पुलिस ने नवजात बच्ची को उसकी मां के पास पहुंचा दिया। दनकौर निवासी एक युवती की शादी लगभग एक साल पहले खरखौदा निवासी युवक से हुई थी। युवक राजस्थान के किशनगढ़ के एक बैंक में प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। शादी के बाद से महिला पति के साथ राजस्थान में रह रही थी। चार माह पूर्व ताऊ की मौत के बाद गर्भवती महिला अपने मायके में रह रही थी।रविवार को महिला ने दनकौर के एक निजी अस्पताल में लड़की को जन्म दिया। मायके वाले और ससुराल वालों में संबंधों की खटास के कारण मायके वालों ने नवजात बच्ची को रखने से इंकार कर दिया। मायके वालों ने महिला के पति और उसकी मां को बुलाकर नवजात बच्ची उन्हें सौंप दी।

# 2 करोड़ लूटने वाला नरेश पंडित एनकाउंटर में ढेर

## फिरोजाबाद में एएसपी अनुज चौधरी की जैकेट में फंसी गोली, इंस्पेक्टर घायल

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में एनकाउंटर हुआ है। रात 8 बजे पुलिस ने बदमाश नरेश पंडित उर्फ पंकज को गोली मारकर ढेर कर दिया। वह 38 साल का था। मुठभेड़ में एएसपी ग्रामीण अनुज चौधरी बाल-बाल बचे। बदमाश नरेश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। एक गोली अनुज चौधरी के बुलेटप्रूफ जैकेट में धंस गई। वहीं, थाना रामगढ़ प्रभारी संजीव दुबे गोली लगने से घायल हो गए। करीब 20 मिनट चली मुठभेड़ में नरेश मारा गया। पुलिस ने उसके सीने में गोली मारी है।

बदमाश नरेश पर 2 करोड़ रुपए लूटने का आरोप था। वह पुलिस कस्टडी में था। पुलिस रविवार दोपहर माल बरामदगी के लिए उसे ले जा रही थी, तभी वह चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में थी।

उस पर लूट और डकैती समेत 9 मुकदमे दर्ज थे। एसएसपी सौरभ दीक्षित और डीआईजी ने नरेश पर 25-25 हजार रुपए का इनाम रखा था।



यह मुठभेड़ थाना मक्खनपुर क्षेत्र में हुई है। घायल इंस्पेक्टर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कैश वैन से 2 करोड़ लूटे थे

अलीगढ़ के अरनी का रहने वाले नरेश ने 30 सितंबर को 2 करोड़ रुपए की लूट की थी। उस दिन कानपुर से आगरा जा रही जीके कंपनी की कैश वैन को नरेश ने अपने साथियों को लूट लिया था। पुलिस ने शनिवार रात इस मामले का खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें नरेश भी था। बदमाशों के पास से लगभग 1 करोड़ रुपए और दो कारें बरामद की थीं।

### पेट दर्द का बहाना बनाकर खेत से भागा

रविवार दोपहर रामगढ़ थाने के इंस्पेक्टर चमन शर्मा तीन सिपाहियों के साथ आरोपी नरेश को माल बरामदगी के लिए ले जा रहे थे। थाना मक्खनपुर क्षेत्र के खेड़ा गणेशपुर के पास नरेश ने पेट दर्द का बहाना बनाया। पुलिस ने उसे बाजरे के खेत में हथकड़ी लगाकर बैठाया और सिपाही पानी लेने चले गए। इसी दौरान नरेश खेतों के रास्ते फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी सौरभ दीक्षित ने जिलेभर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गईं। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की।

रात करीब 8 बजे थाना मक्खनपुर क्षेत्र में पुलिस टीम ने आरोपी नरेश को घेर लिया। खुद को बचाने के लिए नरेश ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान एक गोली थाना प्रभारी संजीव दुबे को लगी और दूसरी एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी की बुलेट प्रूफ जैकेट में फंस गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली नरेश के सीने में लगी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मुठभेड़ में एएसपी अनुज चौधरी के साथ शिकोहाबाद, मक्खनपुर और रामगढ़ थाने की पुलिस, सीओ प्रवीण तिवारी समेत एसओजी की टीम शामिल थी।

# बहन का अफेयर...भाई ने नहर में डुबोकर मार डाला

**नहर में लाश फेंकी; गोरखपुर में थाने जाकर बोला- मैंने हत्या की है**

**गोरखपुर।** गोरखपुर में एक युवक ने अपनी सगी छोटी बहन को नहर के पानी में डुबोकर मार डाला। इसके बाद घर से कुछ ही दूर एक खेत में उसकी लाश फेंक दी। कुछ देर बाद खुद थाने पहुंचा और कहा- मैंने अपनी बहन की हत्या कर दी है। लाश खेत में पड़ी है। युवक ने बताया- मेरी बहन का अफेयर चल रहा था। उसे कई बार समझाया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी। इसीलिए जान से मार दिया। इसके बाद उसने खेत से बहन की लाश भी बरामद कराई। पुलिस उसे गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि हत्या कैसे हुई, यह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चलेगा। घटना कैंपियरगंज थाना क्षेत्र की है। भौराबारी गांव में आदित्य यादव अपने एक भाई और 2 बहनों के साथ रहता है। आदित्य सभी भाई-बहनों में सबसे बड़ा है। उसके पिता अमरजीत की मौत हो चुकी है। आदित्य की छोटी बहन नित्या यादव (18) 12वीं में पढ़ती थी। आदित्य का कहना है कि बहन का इलाके में ही रहने वाले एक युवक से अफेयर था। बहन को कई बार मना किया, लेकिन वह नहीं मानी। इस पर सोमवार को नहर में डुबोकर उसकी हत्या कर दी।

### अब पढ़िए आरोपी भाई ने जो कुछ बताया

सोमवार सुबह आदित्य अपनी बहन के पीछे-पीछे निकला था। इसी बीच जब वह धामिना नहर के पास पहुंची, तो वहां उसे पकड़कर नहर में डुबो दिया। जब वह तड़प-तड़पकर मर गई, तो घर से करीब ढाई किमी दूर उसकी लाश धान के खेत में फेक दी।

आदित्य ने बताया- पिता की मौत के बाद से मैं ही घर का सारा खर्च उठाता हूं। बाहर जाकर मजदूरी भी करता हूं। छोटे भाई को गोरखपुर शहर में भेजकर पढ़ा रहा हूं। दोनों बहनों की पढ़ाई पूरी करा रहा हूं।

# हौसला बुलंद बेखौफ चोरों का तांडव- घर में घुसे चोरों ने लाखों की नकदी-जेवरात उड़ाए

## पुलिस गांवों में गश्त नहीं लगाती लोगों ने लगाया आरोप

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** जिले के रामपुर मांझा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नारीपचदेवरा (मटखन्ना) में बीती रात बेखौफ चोरों ने ऐसा तांडव मचाया कि पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक स्थानीय गांव निवासी श्याम नारायण यादव पुत्र अमेरिका यादव के घर को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने लाखों रुपए की नकदी और कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गए। घटना के वक्त घर के लोग गहरी नींद में सो रहे थे। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोरों ने मुख्य दरवाजे की कुंडी तोड़ी, अलमारी और बक्से खंगाल डाले। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा था, दरवाजे टूटे थे और अलमारी खाली मिलते ही सभी के होश उड़ गए। वारदात की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने पुलिस गश्त पर सवाल उठाते हुए नाराज़गी जताई और कहा कि रातों-रात चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब कोई भी सुरक्षित नहीं रहा। सूचना मिलते ही रामपुर मांझा थाना प्रभारी बिंद कुमार सपुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और आसपास के इलाकों में सघन तलाशी शुरू कर दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो चुकी है, वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और बहुत जल्द पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

# 'परीक्षा केंद्रों पर सभी तैयारियां अंतिम चरण में' : प्रवीण तिवारी

## पीसीएस मुख्य परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने कसी कमर

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** लोक सेवा आयोग की प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) और सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) और क्षेत्रीय वन अधिकारी (आरएफओ) पदों के लिए लिखित परीक्षा 12 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है। जिले में इसके लिए 24 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।जहां प्रत्येक पारी में 11304 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।परीक्षा दो पारियों में होगी सुबह 9:30 बजे से 11:30 तक दोपहर 2 : 30 बजे से 4:30 बजे तक।

जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण तिवारी ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं,उन्होंने कहा की परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट,स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सह केंद्र व्यवस्थापक तैनात किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण तिवारी ने आगे कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग जो परीक्षा का संचालन कर रहा है ने कक्ष निरीक्षण के लिए 50 प्रतिशत शिक्षकों को बाहरी माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विद्यालयों से नियुक्त किया है,परीक्षार्थियों को केंद्र ढूंढने में कोई परेशानी ना हो इसके लिए रेलवे स्टेशन,बस स्टेशन और प्रमुख चौराहों पर शिक्षकों की तैनाती की गई है।यह शिक्षक परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए आसान मार्ग और वाहनों की जानकारी देंगे।



सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वॉइस रिकॉर्डिंग की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए हैं।परीक्षार्थियों के लिए पेयजल शौचालय और उनके सामान को सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम करने को भी कहा गया है,जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण तिवारी ने आगे बताया कि परीक्षा केंद्रों में बीएन इंटर कॉलेज, वीएनकेबीपीजी कॉलेज अकबरपुर,रामदेव जनता इंटर कॉलेज कटेहरी,रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय,कौमी इंटर कॉलेज, टीएनपीजी कॉलेज टांडाएस,एस नेशनल इंटर कॉलेज बसखारी श्री हीरालाल जायसवाल इंटर कॉलेज किछौछा,राजकीय विद्युत परिषद इंटर कॉलेज टांडा राम, जनता इंटर कॉलेज बरियावन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सरदार पटेल इंटर कॉलेज लालपुर जनता इंटर कॉलेज फतेहपुर बड़ागांव,नरेंद्र देव इंटर कॉलेज जलालपुर, बाबा बरुआ दास पीजी कॉलेज परूईया आश्रम और रागेय राघव इंटर कॉलेज हसवार प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए दिया मंत्र

## मिशन शक्ति 5 के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** महरुआ थाना क्षेत्र के मेढवा रघुवंशी गांव में उपनिरीक्षक थाना महरुआ सुधीर त्रिपाठी तथा महिला आरक्षी आशा यादव और हेड कांस्टेबल नितिन सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत में महिलाओं के समूह को एकत्र कर उनको उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया।उप निरीक्षक सुधीर त्रिपाठी के द्वारा वूमेन पावर लाइन 1090,पुलिस आपातकालीन सेवा 112,साइबर हेल्पलाइन 1930,एंबुलेंस सेवा 108,चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098,स्वास्थ्य सेवा102,महिला हेल्पलाइन 181 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान महिला आरक्षी आशा यादव के द्वारा उपस्थित महिलाओं के समूह को गुड टच बैड टच घरेलू हिंसा और साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण और समसामयिक विषयों पर भी गहनता से जागरूक किया गया।



उपनिरीक्षक सुधीर त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं न डरें न सहें बल्कि गलत का विरोध करें उन्होंने बताया कि राज्य और केंद्र सरकार महिला मिशन शक्ति 5 के तहत नारी सुरक्षा नारी सम्मान और विभिन्न कानूनी एवं सामाजिक पहलुओं पर जागरूकता फैलाई जा रही है जिसके क्रम में मेरी थाने की टीम के द्वारा जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत मेड़वा रघुवंशी की महिलाओं ने उपस्थित होकर जागरूकता संबंधी विचार को सुना और भविष्य में किसी भी आकस्मिक स्थिति में उसका पालन करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

# दामाद का सास से अफेयर, पत्नी को मार डाला

कासगंज। कासगंज में सास से अफेयर के चक्कर में एक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पत्नी का शव ससुराल के बरामदे में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर मायके वाले जब पहुंचे, तो पति घर छोड़कर भाग चुका था। पत्नी की मां और उसके पति के कुछ आपत्तिजनक फोटो भी सामने आए हैं। घटना के बाद पति फरार है, जबकि मां अपने घर पर है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर जांच शुरू कर दी है। मामला सिढ़पुरा क्षेत्र के नगला पारसी का है। मरने वाली महिला शिवानी (24) कासगंज के गंजडुंडवारा क्षेत्र के पालिया गांव की रहने वाली थी। पिता नारायण सिंह ने बताया कि 2018 में शिवानी की शादी नगला पारसी के रहने वाले प्रमोद से की थी। प्रमोद दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है।

# जनसुनवाई के दौरान एसपी ने बुजुर्ग की समस्या सुनी, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**ललितपुर।** एसपी ने जनसुनवाई के दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति को सांत्वना देकर उसकी समस्या गंभीरतापूर्वक सुनकर, समस्या के उचित व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई की जा रही थी।जनसुनवाई के दौरान एक 80 बर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर पुलिस ऑफिस, ललितपुर में आया। उक्त बुजुर्ग को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, ललितपुर उसके पास आकर, सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूँछकर उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना गया। उक्त बुजुर्ग व्यक्ति का जमीन सम्बन्धी विवाद था, जिसको लेकर वह शिकायत करने आये थे। पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायत का त्वरित व उचित निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। बुजुर्ग व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक, ललितपुर को हृदय से धन्यवाद और आशीर्वाद दिया।ललितपुर पुलिस के इस कार्य की मौके पर मौजूद आम जन मानस द्वारा भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

# पारिवारिक परामर्श केंद्र का एसडीएम भीटी ने किया उद्घाटन



**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**

**अम्बेडकरनगर।** महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान के फेज-5 के अंतर्गत सोमवार को तहसील भीटी परिसर में परिवार परामर्श केंद्र का उद्घाटन एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया।यह केंद्र महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है,जो शासन के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान का हिस्सा है।उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता एसडीएम भीटी संचालन प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।समारोह में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों तहसीलदार भीटी राज कपूर,नायब तहसीलदार भीटी कौशलेंद्र कुमार मिश्र, पुलिस प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया।एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि %मिशन शक्ति% अभियान महिलाओं को सशक्त बनाने का एक क्रांतिकारी कदम है,जो न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है बल्कि उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत भी बनाता है। उन्होंने केंद्र के माध्यम से उपलब्ध होने वाली परामर्श सेवाओं, कानूनी सहायता एवं जागरूकता कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। यह परिवार परामर्श केंद्र पारिवारिक विवादों के निपटारे, वैवाहिक कलह,घरेलू हिंसा एवं बाल संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर त्वरित एवं संवेदनशील सहायता प्रदान करेगा।

# महिलाओं के बीच पहुंची मिशन शक्ति टीम, किया जागरूक

**ललितपुर।** एसपी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/एण्टी रोमियों टीम द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति फेज-05 जागरूकता अभियान।महिलाओं एवं बलिकाओं को सुरक्षा के उपायों से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई, जिसमें आत्मरक्षा के तरीके, साइबर अपराध से सुरक्षा, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी, यौन उत्पीड़न से बचाव के उपाय, और कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा व स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीम/मिशन शक्ति टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैण्ड, बाजार व पार्कों में महिलाओं/छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के विषय में व कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे - 1090 - वूमेन पावर लाइन 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 -चाइल्ड हेल्पलाइन 181 -महिला हेल्पलाइन 112 -पुलिस आपातकालीन सेवा 102 -स्वास्थ्य सेवा 108 -एंबुलेंस सेवा साइबर हेल्पलाइन नंबर -1930 के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया और बालिकाओं व महिलाओं से सम्बंधित हो रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों के विरुद्ध सुरक्षा/सतर्कता के उपाय बताया गया तथा उनके खिलाफ आवाज उठाने हेतु अपील की गई।



# तौकीर के करीबियों की 150 करोड़ की संपत्ति जब्त

**बरेली।** बरेली में मौलाना तौकीर रजा और उनके करीबियों पर ताबड़तोड़ एक्शन हो रहे हैं। सोमवार को बरेली डेवलपमेंट अथॉरिटी और नगर निगम की टीम ने पुलिस और पीएसी बल के साथ तीन बड़े प्रतिष्ठानों को सील किया। इनमें सपा नेता वाजिद बेग का आलीशान बारातघर, सपा पार्षद अब्दुल कयूम मुन्ना का ई-बाइक शोरूम, और सौ-फुटा रोड पर नाजिर खान के न्यू खान मोटर्स गैराज शामिल है। तीनों ही मौलाना तौकीर रजा के करीबी हैं। बरेली हिंसा के आरोपियों की अब तक करीब 150 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध संपत्तियों को बरेली विकास प्राधिकरण सील कर चुका है। आई लव मोहम्मद के समर्थन में 26 सितंबर को बरेली में हिंसा हुई थी। इसके बाद पुलिस ने 10 एफआईआर दर्ज की। सात में मौलाना तौकीर रजा का नाम है। तौकीर को पुलिस ले गिरफ्तार कर जेल भेजा था। यहां प्रशासन ने कई संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलाया है।

# 100 रुपए के लिए 8 साल के पोते की हत्या

**झांसी।** झांसी में 8 साल के मासूम बच्चे की हत्या उसके दादा ने की थी। दादा के 100 रुपए चोरी हो गए थे। उसे पोते पर ही शक था। शनिवार को डांटते समय पोते ने जबाव दिया तो आरोपी दादा ने गुस्से में उसका गला घोंट दिया। इससे पोते की मौत हो गई। यह देख वो घबरा गया और लाश को भूसा वाले कमरे में छुपा दी। फिर बकरियां चराने खेत पर चला गया। लौटकर आया तो 8 घंटे तक परिजनों के साथ पोते को तलाशने का ड्रामा किया। पुलिस के साथ भी घूमता रहा। लाश मिली तो उसकी आंखों में न तो आंसू आए और न ही चेहरे पर सिकन। यहीं से पुलिस को शक हुआ। सोमवार को पुलिस ने दादा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बोला- मेरा पोता था, मैं थोड़ी न मारुंगा। जल्दी हत्यारे को ढूंढ़ो। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ करने पर वो टूट गया और अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया है।

# शार्ट न्यूज

## बेटे को बचाने आई मां को मार डाला

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में बेटे को बचाने आई मां की हत्या कर दी गई। चार लोगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला किया। आरोपियों को इस बात की खुन्नस थी कि दो युवकों के बीच मारपीट के मामले में गांव में हुई पंचायत के समझौते में उन्हें क्यों नहीं बुलाया गया। आरोपियों के मारपीट करने का वीडियो भी सामने आया है। मामला खानपुर थाना क्षेत्र के जाड़ौल गांव का है। दशहरा वाले दिन मेले में बिक रही सीटी को एक युवक ने दूसरे युवक के कान के पास बजा दिया था। इसके बाद दोनों में झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के बाद महिला के बेटे ने रविवार को दोनों के बीच समझौता करा दिया था। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तारी कर लिया गया है। दशहरा वाले दिन गांव के दो युवकों ऊधम और छोटू में झगड़ा हो गया था। उधम ने मेले में बिक रही बच्चों की सीटी लेकर छोटू के पास बजा दिया। छोटू ने इसका विरोध किया तो मेले में ही दोनों में जमकर मारपीट हुई। लोगों ने दोनों को अलग-अलग किया और शांत कराया। रविवार की शाम गांव के रहने वाले विजय सिंह ने ब्रजपाल और प्रथम सिंह के साथ मिलकर दोनों को बुलाया। छोटू और उधम के बीच हुई मारपीट को लेकर बात कर दोनों में समझौता करा दिया। छोटू और ऊधम झगड़ा न करने को लेकर मान गए और अपने-अपने घर चले गए।

## चार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध की रोकथाम व गैर जमानती अपराधियो व वारण्टियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा चार वारण्टी/अभियुक्तगण राकेश पुत्र मुलु उम्र करीब 31 वर्ष, मुलु पुत्र गंगाधर उम्र करीब 57 वर्ष, सोवरन पुत्र भबूदी उम्र करीब 47 वर्ष राकेश पुत्र भबूदी उम्र करीब 35 वर्ष नि0गण ग्राम टेनगा थाना महरौनी ललितपुर सम्बन्धित NBW न0मु0 796/2016 धारा 323/504 भा0द0वि0 को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। वारण्टीगण/उपरोक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह उ.नि. साबिर अली चौकी प्रभारी खितवास का. दिलीप कुमार हे.का. विपिन अवस्थी आदि शामिल रहे।

## लखनऊ में बेटे ने पेचकस से मां की हत्या की

**लखनऊ।** लखनऊ में मां की हत्या करके घर से भागे बेटे को पुलिस ने फतेहपुर जिले से गिरफ्तार कर लिया। वह हत्या के 3 दिन बाद रविवार (5 अक्टूबर) को प्रयागराज में ट्रेस हुआ था। सोमवार को पुलिस उसे लेकर लखनऊ पहुंची। यहां हत्याकांड का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी निखिल ऑनलाइन गेम एविएटर खेलने का आदी है। वह गेम खेलने के दौरान करीब 24 हजार रुपए हार गया था। इसके लिए पहले मां के गहने चोरी करके बेच दिए थे। दूसरी बार फिर गहने चोरी कर रहा था, लेकिन इस बार मां ने देख लिया। इस पर उसने पेचकस और गैस सिलेंडर से मां का सिर कूच दिया। इससे मौके पर ही मां की मौत हो गई। इसके बाद वह घर से पिता की बाइक लेकर भाग गया था। घटना रायबरेली रोड स्थित कल्ली पश्चिम के बाबूखेड़ा यादव गांव की है। 3 अक्टूबर को डेयरी संचालक रमेश यादव की पत्नी रेनू की दिनदहाड़े घर में हत्या कर दी गई थी। उसके बाद से मझला बेटा निखिल कहीं मिल नहीं रहा था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को उसकी लोकेशन प्रयागराज में मिली थी। सोमवार को उसकी लोकेशन फतेहपुर में मिली, तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## मेडिकल कॉलेज में पानी की टंकी में लाश

देवरिया। देवरिया के महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के पानी के टैंक एक युवक का सड़ा-गला शव मिला। यही पानी पीने के लिए सप्लाई हो रहा था। युवक के हाथ में निडिल लगी थी। पानी से बदबू आने की शिकायत पर पहले सप्लाई लाइन चेक की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद टैंक का ढक्कन हटाया गया, तो उसमें युवक का शव पड़ा था। शव पूरी तरह सड़कर फूल चुका था। प्रशासनिक अफसरों को सूचना देकर पुलिस और फोरेंसिक टीम बुलाई गई। पुलिस कर्मियों ने शव निकालने की कोशिश की, लेकिन छूते ही स्किन निकलने लगी। इसके चलते पुलिस अब टैंक को तोड़कर शव निकालेगी। अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। सोमवार सुबह मरीजों और उनके तीमारदारों ने पानी में बदबू की शिकायत की। शुरुआत में कर्मचारियों ने इसे सामान्य माना। लेकिन, बदबू बढ़ने पर उन्होंने पानी की सप्लाई लाइन की जांच शुरू की। छठी मंजिल पर स्थित टंकी से तेज बदबू आने लगी, तो कर्मचारियों को उसमें कुछ पड़ा होने का आशंका हुई। इसके बाद ढक्कन हटाया गया। ढक्कन हटाते ही बदबू और तेज हो गई। कर्मचारियों ने झांककर देखा, तो अंदर एक युवक का शव उतराता दिखा।

## गोविंद नगर में व्यापारी के बेटे ने किया सुसाइड

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र के ब्लॉक 9 में रविवार रात व्यापारी के बेटे ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे हैलट लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि युवक शादी न हो पाने के कारण परेशान चल रहा था। रामस्वरूप का शास्त्री नगर स्थित काली मठिया के पास आटा चक्की और मसालों का व्यापार है। उनका मंझला बेटा शिवम कुमार यादव (35) पिता के साथ व्यापार संभाल रहा था। परिवार में बड़ा बेटा प्रिंस और छोटा सर्वेश है। वहीं बेटी की शादी हो चुकी है। शिवम के मामा घाटमपुर निवासी विजय शंकर यादव ने बताया कि भांजे प्रिंस की शादी हो चुकी है। इसके बाद शिवम की शादी होनी थी। तीन से चार रिश्ते भी देखे गए, लेकिन किसी न किसी वजह से तय नहीं हो पाए। शादी तय न हो पाने के कारण भांजा शिवम परेशान रहता था। इसी के चलते रविवार रात उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना से परिजनों के होश उड़ गए। किसी तरह उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

## नवविवाहिता का शव पंखे से लटका मिला

**अयोध्या।** अयोध्या जिले के रूदौली कोतवाली क्षेत्र के भेलसर गांव में एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में पंखे से लटका मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले में कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।मृतका की पहचान प्रीति चौहान के रूप में हुई है। उसकी शादी इसी साल 14 अप्रैल 2025 को भेलसर गांव निवासी शिव चौहान से हुई थी। प्रीति का मायका बाराबंकी जिले में है। शादी को अभी छह महीने भी पूरे नहीं हुए थे। प्रीति की संदिग्ध मौत की खबर से दोनों परिवारों में शोक का माहौल है। मायके पक्ष के लोग सदमे में हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचायतनामा भरा और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मौर्य ने बताया कि परिजनों ने मंगलवार दोपहर में सूचना दी थी कि महिला का शव कमरे में पंखे से लटका मिला है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। प्रभारी निरीक्षक मौर्य ने यह भी बताया कि मृतका के मायके वालों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जॉर्जिया में चुनाव के दौरान हिंसक विरोध प्रदर्शन, प्रदर्शनकारियों ने आगजनी की; पुलिस ने मिर्च स्प्रे किया



**त्बिलिसी एजेंसी।** जॉर्जिया की राजधानी त्बिलिसी में शनिवार को नगरपालिका चुनावों के दौरान सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन के पास सुरक्षा बैरियर तोड़ने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों ने कुर्सियों में आग लगा दी और सड़कों पर बैरिकेड्स बनाए। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार, काली मिर्च स्प्रे और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। जॉर्जिया पूर्वी यूरोपीय देश है, जो रूस और तुर्की के बीच स्थित है। यह पिछले साल के संसदीय चुनावों में सत्तारूढ़ जॉर्जियन ड्रीम पार्टी की जीत के दावे के बाद से संकट में है। विपक्षी दलों का कहना है कि उस चुनाव में धोखाधड़ी हुई थी। सरकार ने यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने की बातचीत को भी रोक दिया है। शनिवार को हजारों प्रदर्शनकारी त्बिलिसी के फ्रीडम स्क्वायर और रुस्तवेली एवेन्यू पर जमा हुए, जिनमें से कई जॉर्जिया, ईयू और यूक्रेन के झंडे लहरा रहे थे। उन्होंने जॉर्जियन ड्रीम पार्टी पर तानाशाही और रूस समर्थक रवैये का आरोप लगाया। कुछ विपक्षी नेताओं ने सरकार को हटाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ पार्टी के 6 नेताओं की गिरफ्तारी की भी मांग की और जनता की इच्छा का सम्मान करने को कहा।

### नेपाल में कुदरत का कहर, 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश से 18 लोगों की मौत; कई नदियों का बढ़ा जलस्तर



**काठमांडु, एजेंसी।** पड़ोसी देश नेपाल में कुदरत का कहर देखने को मिला है। पूर्वी नेपाल के इलम में पिछले 24 घंटों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 18 लोगों की जान गई है। दरअसल, रविवार सुबह तक सूर्योदय नगर पालिका में भूस्खलन में कम से कम 5 लोग, मंगसेबुंग नगर पालिका में 3 और इलम नगर पालिका में 6 लोगों की मौत की खबर है। इस आपका के बाद प्रशासन राहत के कामों में लग गया है। बढ़ सकती है मृतकों की संख्या वहीं, एसएसपी पोखरेल ने समाचार एजेंसी एएनआई से फोन पर बातचीत में कहा कि इस आपदा में मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। वर्तमान में नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक हमारे पास केवल नुकसान और क्षति का प्रारंभिक विवरण है। प्रभावित इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों के तीनों स्तरों (जिसमें नेपाल सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस शामिल है) को तैनात किया गया है। भारी बारिश और आगे भी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है। इस बीच नदियां उफान पर हैं। काठमांडू घाटी के बाढ़ के मैदानों से निवासियों को निकालने के लिए उन्हें तैनात किया गया है। नदियों के किनारे तलाशी अभियान जारी सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार को घाटी से होकर गुजरने वाली सभी प्रमुख नदियों के किनारे बसी बस्तियों में तलाशी अभियान चलाया। एजेंसियों ने घर-घर में जाकर तलाशी ली, निवासियों को बाहर निकलने में मदद की और उनके सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की। इन नदियों का जलस्तर बढ़ने की संभावना नेपाल के जल विज्ञान और मौसम विज्ञान विभाग ने बागमती, हनुमंते, मनोहरा, धोबी खोला, बिष्णुमती, नक्खू और बल्खू नदियों में जलस्तर बढ़ने की जानकारी दी है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बाढ़ सड़क किनारे के इलाकों तक पहुंच सकती है और बस्तियों में घुस सकती है। निवासियों और वाहन चालकों से बाढ़ के खतरे के कारण नदी के किनारे यात्रा करने से बचने का आग्रह किया गया है।

# असद शासन के तख्तापलट के बाद सीरिया में पहली बार हो रहे संसदीय चुनाव



**दश्मिक, एजेंसी।** सीरिया में दशकों की तानाशाही और एक लंबे गृहयुद्ध के बाद रविवार को पहली बार संसदीय चुनाव हो रहे हैं। दरअसल, दिसंबर में एक विद्रोही हमले में निरकुंश नेता रहे बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। जिसके बाद यह चुनाव हो रहा है। सीरिया में हो रहा यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि यहां 50 वर्षों से अधिक समय तक असद परिवार ने देश पर कठोर शासन किया था। पिछले 10 वर्षों में सीरिया में हुए गृहयुद्ध ने तबाह कर दिया था। वैसे तो सीरिया में नियमित चुनाव होते रहे थे। जिसमें सभी सीरियाई नागरिक को मतदान करने का अधिकार था। लेकिन असद के नेतृत्व वाली बाथ पार्टी हमेशा संसद पर हावी रही, और इन चुनावों को व्यापक रूप से दिखावटी चुनाव माना जाता था।

**लोकतांत्रिक प्रकिया पर नहीं हो रहा चुनाव :** हालांकि, रविवार को हो रहा चुनाव भी पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर नहीं होगा। बल्कि, पीपुल्स असेंबली की ज्यादातर सीटों पर प्रत्येक जिले के निर्वाचक मंडल द्वारा मतदान किया जाएगा, जबकि एक-तिहाई सीटों पर अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा द्वारा सीधे नियुक्ति की जाएगी। फिर भी चुनाव परिणामों को इस बात का पैमाना माना जाएगा कि अंतरिम सरकारें समावेशिता, खासकर महिलाओं और अल्पसंख्यकों के प्रति, कितनी गंभीर हैं।

**कैसे काम करती है यह प्रणाली? :** बता दें कि पीपुल्स असेंबली में 210 सीटें हैं, जिनमें से दो-तिहाई रविवार को चुनी जाएंगी और एक-तिहाई नियुक्त की जाएंगी। निर्वाचित सीटों पर देश भर के जिलों के निर्वाचक मंडल द्वारा मतदान किया जाता है, और प्रत्येक जिले के लिए सीटों की संख्या जनसंख्या के अनुसार वितरित की जाती है।

चुनावी प्रक्रिया के अनुसार, 60 ज़िलों में कुल 7,000 निर्वाचक मंडल सदस्यों - जिन्हें इस उद्देश्य के लिए नियुक्त समितियों द्वारा प्रत्येक जिले में आवेदकों के समूह में से चुना जाता है। उनको 140 सीटों के लिए मतदान करना चाहिए। लेकिन स्वेदा प्रांत और कुर्द नेतृत्व वाली सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज के नियंत्रण वाले पूर्वोत्तर क्षेत्रों में स्थानीय अधिकारियों और दमिश्क की केंद्र सरकार के बीच तनाव के कारण चुनाव अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिए गए हैं, जिसका अर्थ है कि ये सीटें खाली रहेंगी। वहीं, करीब 6,000 निर्वाचक मंडल सदस्य 50 जिलों में लगभग 120 सीटों के लिए मतदान करेंगे। व्यक्तिगत रूप चुनाव लड़ रहें नेता गौरतलब है कि असद के सत्ता से बेदखल होने के बाद अंतरिम अधिकारियों ने सभी मौजूदा राजनीतिक दलों को भंग कर दिया। इसमें अधिकांश असद सरकार से निकटता से जुड़े थे। यहां अभी तक नए दलों के रजिस्ट्रेशन की कोई व्यवस्था नही है। इसलिए सभी उम्मीदवार व्यक्तिगत रूप से चुनाव लड़ रहे हैं।

**महिलाओं के लिए कोई रिजर्व कोटा नहीं :** संसद में महिलाओं और धार्मिक या जातीय अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व के लिए कोई रिजर्व कोटा नहीं है। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने राष्ट्रीय चुनाव समिति के प्रमुख मोहम्मद ताहा अल-अहमद के हवाले से बताया कि अंतिम सूचियों में शामिल 1,578 उम्मीदवारों में से 14 प्रतिशत महिलाएं थीं। कुछ ज़िलों में, कुल उम्मीदवारों में से 30 या 40 प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि अन्य में कोई महिला उम्मीदवार नहीं है।

## अब हुई देरी, तो भुगतने के लिए तैयार रहना, शांति समझौते को मानने के लिए ट्रंप ने हमास को दी वॉर्निंग



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर फलस्तीन में गाजा समूह को चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह (हमास) जल्द से जल्द कदम उठाए और इजरायल के साथ शांति समझौते पर सहमत हो, वरना गाजा में और ताबाही देखने को मिल सकती है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा कि हमाज को जल्द ही कदम उठाना होगा, वरना सारे दांव बेकार चले जाएंगे। उन्होंने यह भी लिखा कि वह अब देर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्लान को हमास को मानना चाहिए और इसको जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात की सराहना भी कि इजरायल ने बंधकों की रिहाई और शांति समझौते को पूरा होने का मौका देने के लिए बमबारी अस्थायी रूप से रोक दी है। हालांकि, इस बीच नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि इजरायल ने रात भर में गाजा शहर पर दर्जनों हमले किए।

**कोई भी देरी बर्दाश्त नहीं :** बताया जा रहा है कि ट्रंप के एक वरिष्ठ दूत बंधकों की रिहाई की जानकारी और को पाने और इस विवरण को अंतिम रूप देने के लिए मिस्र जा रहे थे। चूंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही चेतावनी दी है कि इस प्लान में वह देरी बर्दाश्त नहीं करेंगे। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि जेरेड कुशनर और ट्रंप के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ बंधकों की रिहाई के विवरण को अंतिम रूप देने और इजरायल और हमास के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा प्रस्तावित समझौते पर चर्चा करने के लिए इस क्षेत्र की यात्रा कर रहे हैं।

सभी बंधकों को छोड़ने के तैयार है हमास गौरतलब है कि फलस्तीन में हमास समूह ने शुक्रवार को दो साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने वाली योजना पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस दौरान हमास का कहना है कि वह सभी बंधकों को रिहा करने और समझौते के विवरण पर चर्चा करने के लिए तैयार है।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसके बदले में इजरायल से युद्धग्रस्त क्षेत्र पर बमबारी तुरंत रोकने का आह्वान किया, हालांकि क्षेत्र में वाशिंगटन के प्रमुख सहयोगी ने शनिवार को कहा कि उसके सैनिक अभी भी गाजा में सक्रिय हैं।

## अमेरिकी पुलिस ने शिकागो में महिला को मारी गोली

**शिकागो , एजेंसी।** अमेरिका के शिकागो में कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला हुआ है। करीब 10 वाहनों ने उन्हें टक्कर मारते हुए घेर लिया। इस दौरान अमेरिकी संघीय एजेंटों ने एक महिला को गोली मार दी। यह घटना बढ़ते आईसीई विरोधी प्रदर्शन और ट्रंप सरकार द्वारा डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले शहरों में अशांति को कम करने के प्रयासों के बीच हुई है। संघीय एजेंटों का कहना है कि शिकागो के साउथ साइड पर अधिकारियों को फंसाया गया था। डीएचएस की सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कम से कम 10 कारों ने अधिकारियों को टक्कर मारी और घेर लिया। उन्होंने आगे लिखा कि एजेंट अपने वाहनों को आगे नहीं बढ़ा पाए और कार से बाहर निकल गए। कानून प्रवर्तन वाहन को टक्कर मारने वाले ड्राइवरों में से एक के पास एक अर्ध-स्वचालित हथियार था। कानून प्रवर्तन को अपने हथियार तैनात करने और एक सशस्त्र अमेरिकी नागरिक पर रक्षात्मक गोलियां चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जो खुद ही घावों का इलाज कराने के लिए अस्पताल जा रही थी। मैकलॉघलिन ने पोस्ट के जरिए बताया कि सशस्त्र महिला का नाम पिछले हफ्ते एक खुफिया बुलेटिन में एजेंटों की जानकारी छिपाने और ऑनलाइन पोस्ट करने के लिए दर्ज किया गया था। महिला का नाम अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है और शनिवार को उसकी हालत ठीक नहीं थी। इस मामले को लेकर अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज शिकागो में, हमारे बहादुर कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला किया गया - दस वाहनों ने उन्हें टक्कर मार दी और घेर लिया, जिनमें एक अर्ध-स्वचालित हथियार से लैस हमलावर भी शामिल था। मैं घटनास्थल पर नियंत्रण के लिए और विशेष अभियान चला रही हूं। अतिरिक्त बल आ रहे हैं। अगर आज आपको कोई कानून प्रवर्तन अधिकारी मिले, तो उन्हें धन्यवाद दें।

## ट्रंप प्रशासन को यूएसफेडरल कोर्ट से बड़ा झटका, पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती पर लगाई रोक

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिकी संघीय न्यायालय राष्ट्रपति डोनलड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने 200 नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनानी पर स्थायी रोक लगा दी है। संघीय न्यायालय का कहना है कि हाल के दिनों में हुए विरोध प्रदर्शनों को 'विद्रोह' नहीं कहा जा सकता और यह विरोध कानून-व्यवस्था में गंभीर बाधा नहीं बनती।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ओरेगन के पोर्टलैंड शहर में 200 नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया था। लेकिन संघीय जज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को पोर्टलैंड शहर में 200 ओरेगन नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। संघीय न्यायालय द्वारा यह रोक 18 अक्टूबर तक के लिए लगाया गया है। पोर्टलैंड में अमेरिकी जिला जज करिन इमरगुट ने यह फैसला सुनाया है। उन्होंने नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती पर रोक लगाते हुए कहा कि प्रशासन ने ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया, जिससे यह साबित हो सके कि पोर्टलैंड में विरोध प्रदर्शन किसी विद्रोह के स्तर तक पहुंचे हों या उन्होंने कानून व्यवस्था में गंभीर बाधा बन रही हो। साथ ही यह भी दावा किया गया है कि ट्रम्प की तैनाती राज्य के अधिकारों का उल्लंघन करती है।

**ट्रंप के लिए बड़ा झटका :** पोर्टलैंड में अमेरिकी जिला जज करिन इमरगुट का फैसला यह फैसला ट्रम्प के लिए एक झटका है क्योंकि वह उन शहरों में सेना भेजना चाहते हैं। जिन्हें वह अपने डेमोक्रटिक नेताओं की आपत्तियों के बावजूद अराजक बताते हैं। ट्रंप द्वारा अपने पहले कार्यकाल के दौरान नियुक्त किए गए इमरगुट ने ही रिपब्लिकन राष्ट्रपति को कम से कम 18 अक्टूबर तक सेना भेजने से रोक दिया।

वकीलों ने क्या कहा? गौरतलब है कि ट्रंप ने पोर्टलैंड शहर को युद्धग्रस्त बताते हुए नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती करने का आदेश दिया था। लेकिन इस मामले पर ओरेगन अटॉर्नी जनरल कार्यालय के वकीलों ने कहा है कि पोर्टलैंड में विरोध प्रदर्शन छोटे और शांत थे। इसी वजह से 19 जून तक सिर्फ 25 गिरफ्तारियां हुई। जबकि इसके बाद तीन महीनों में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

व्हाइट हाउस करेगा अपील करेगा व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने हिंसक दंगों और कानून प्रवर्तन पर हमलों के बाद पोर्टलैंड में संघीय संपत्तियों और कर्मियों की सुरक्षा के लिए अपने वैध अधिकार का प्रयोग किया है। हमें उम्मीद है कि उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें दोषमुक्त किया जाएगा।

आपत्तियों के बावजूद सेना भेजने की तैयारी ट्रंप पहले ही लॉस एंजिल्स और वाशिंगटन डी.सी.।की पुलिसिंग के लिए नेशनल गार्ड भेज चुके हैं, और उन्होंने कहा है कि वह कई अन्य शहरों में भी सेना भेजेंगे। इससे पहले शनिवार को, इलिनॉय के गवर्नर, जो एक डेमोक्रेट हैं, जेबी प्रिट्जकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि ट्रंप उनकी आपत्तियों के बावजूद शिकागो में 300 नेशनल गार्ड सैनिक भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

## ट्रंप के रोकने के बावजूद गाजा पर हमला कर रहा इजरायल, अटैक में 70 की मौत

**येरूसलम, एजेंसी।** गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप युद्ध विराम की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच इजरायल ने गाजा पर फिर से हवाई हमला शुरू कर दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को हुए इजरायली हमले में कम से कम 70 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। मारे गए नागरिकों में मासूम बच्चे भी शामिल हैं। दरअसल, ट्रंप हमास-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। हमास द्वारा सहमति जताए जाने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने इजरायल से गाजा पर तुरंत बमबारी रोकने का आदेश दिया था। इसके बाद भी शनिवार को इजरायल द्वारा गाजा पर हमला किया गया है। इस हमले में इजरायली सैन्य ठिकानों के बीच में रहे गाजा शहर के लोग सबसे अधिक हताहत हुए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की है कि वहां 45 लोगों की जान चली गई। हाल के हफ्तों में इजरायली हमलों ने दस लाख से अधिक गाजावासियों को प्रभावित किया है। इजरायल द्वारा किए जा रहे हमले के कारण गाजावासियों को यह इलाका छोड़कर दक्षिणी गाजा की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

हमले से पहले खाली करने का अल्टीमेटम इजरायली सेना ने दक्षिणी गाज़ा में एक विस्थापन शिविर, अल-मवासी पर भी हमले किए हैं। इससे पहले ही इजरायली सैनिकों ने फिलिस्तीनियों को खाली करने के लिए कहा था। इस हमले में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि कम से कम आठ अन्य घायल हो गए। इसके अलावा तुफाह इलाके में, एक रिहायशी घर पर भी हवाई हमले हुए। जिसमें 18 लोग मारे गए और कई लोग घायल हुए।

ट्रंप ने दी चेतावनी गौरतलब है कि ट्रंप ने इस बात की सराहना की कि इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए बमबारी अस्थायी रूप से रोक दी, लेकिन हमास को चेतावनी दी कि वह देरी न करे, वरना सब दांव पर लग जाएगा। ट्रंप ने कहा कि मैं देरी बर्दाश्त नहीं करूंगा, जैसा कि कई लोग सोचते हैं कि होगा, या ऐसा कोई भी नतीजा बर्दाश्त नहीं करूँगा जहाँ गाज़ा फिर से ख़तरा पैदा करे। आइए इसे जल्द से जल्द पूरा करें। सभी के साथ उचित व्यवहार किया जाएगा। ट्रंप ने लिखा, जब हमास पुष्टि करेगा, तो युद्धविराम तुरंत प्रभावी हो जाएगा, बंधकों और कैदियों की अदला-बदली शुरू हो जाएगी, और हम वापसी के अगले चरण के लिए परिस्थितियाँ तैयार करेंगे। मिस्र के विदेश मंत्रालय के अनुसार, हमास और इजरायल के प्रतिनिधिमंडल भी सोमवार को वार्ता में शामिल होंगे।

## कराची में 6 अलग-अलग जगहों पर हुई फायरिंग से दहशत में लोग, 4 की मौत और कई घायल




**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में 6 जगहों पर फायरिंग के बाद 4 लोगों की मौत हो गई। यह सभी घटनाएं शनिवार को अलग-अलग जगहों पर दर्ज की गई। फायरिंग से पूरे शहर में सनसनी फैल गई है। कराची के ओरंगी में कुछ लुटेरों ने इस घटना को अंजाम दिया। इकबाल मार्केट पुलिस स्टेशन में एलपीजी की दुकान पर लूटपाट के दौरान आरोपियों ने दुकानदार पर गोली चला दी और उसकी मौके पर मौत हो गई। दुकानदार ने अपनी जान बचाने के लिए लुटेरे के हाथ से बंदूक छीन ली और उसपर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी लुटेरा भी गोली लगने से घायल हो गया और मौके से फरार हो गया। कराची पुलिस के अनुसार, लुटेरे पर पहले से कई गंभीर मामले दर्ज थे। उसपर चोरी, डकैती के अलावा मर्डर का केस भी चल रहा था। वहीं, फायरिंग की दूसरी घटना कराची की शेरपाओ कालोनी में घटी, जहां एक व्यक्ति को सरेआम मौत के घाट उतार दिया गया। व्यक्ति अपनी बाइक से जा रहा था। तभी 2 लोगों ने उसका पीछा किया और बीच सड़क पर उसे गली मार दी। पुलिस का कहना है कि मृतक के सिर में 3 गोलियां मिली हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कराची के मलिर में बकरा पीरी के पास पुलिस एनकाउंटर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक एक पेशेवर लुटेरा था, जिसने कुछ दिन पहले एक दुकानदार की जान ले ली थी। उसका नाम गुलाम कादिर था। एसएसपी के अनुसार, गुलाम समाद काठिवाड़ी नेटवर्क से जुड़ा था और गैंग-वॉर में भी शामिल था। पुलिस को उसके फोन से कई सबूत मिले हैं। न्यू कराची शहर में पुलिस ने एक लुटेरे को गिरफ्तार किया, जो बुरी तरह से घायल था। लोगों ने उसे कराची के निजामाबाद से पकड़ा था और मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, एक अन्य हादसे में 3 साल की बच्ची की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कराची में शनिवार को एक मामला सामने आया था, जिसमें जिन्ना पोस्ट ग्रेजुएट सेंटर में एक महिला को गोली मार दी गई थी।

## पाक आर्मी बोली- अब भारत से युद्ध हुआ तो तबाही होगी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सेना ने शनिवार रात को भारत को चेतावनी देते हुए कहा- अगर अब दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ तो विनाशकारी तबाही होगी। अगर दुश्मनी का नया दौर शुरू हुआ तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचकिचाहट से जवाब देंगे। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कहा कि भारतीय रक्षामंत्री और सेना के अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना बयान जंग को बढ़ावा देने की कोशिश है। इसके साथ ही भारतीय आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी पर निशाना साधते हुए पाकिस्तानी सेना ने कहा- जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसी स्थिति आती है, तो मिटना दोनों तरफ से होगा। दरअसल,शुक्रवार को उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था- पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं। अगर अपनी जगह बनानी है, तो उसे आतंकवाद को संरक्षण देना बंद करना पड़ेगा।

**ऑपरेशन सिंदूर- भारत ने पाकिस्तान के 8 आतंकी ठिकाने तबाह किए :** भारत ने 7 मई को रात डेढ़ बजे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। सेना ने कहा था कि इस स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। पाकिस्तान के सरकारी मीडिया के मुताबिक, भारत ने कोटली, बहावलपुर, मुरीदके, बाग और मुजफ्फराबाद में अटैक किया थे। इसमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का हेडक्वॉर्टर और जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर का ठिकाना भी शामिल था।

**3 बयान, जिसपर पाकिस्तान ने**



**प्रतिक्रिया दी :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह (3 अक्टूबर)- जब भी भारत के गौरव और सम्मान की बात आएगी, देश कभी समझौता नहीं करेगा। भारत अपनी एकता और अखंडता की रक्षा के लिए जरूरत पड़ने पर किसी भी सीमा को पार कर सकता है। आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी (3 अक्टूबर)-जिस तरह से भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में संयम रखा है, अबकी बार भारत ये संयम नहीं रखेगा। इस बार हम आगे की कार्रवाई करेंगे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह (3 अक्टूबर)- ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के करीब 12 से 13 विमान तबाह किए गए थे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट और एक ष्ट-130 (ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट) को जमीन पर तबाह किया। ये विमान पाकिस्तान के एयरबेस और हैंगर (विमानों की पार्किंग) पर खड़े थे। भारत से आ रहे बयान झूठे, उकसाने, बिना सोच-विचार और जंग को बढ़ावा देने वाले हैं। दशकों तक भारत ने खुद को पीड़ित बताकर पाकिस्तान को गलत बताया, जबकि वह खुद हिंसा और आतंक को बढ़ावा देता है। इस साल भारत के कारण दो परमाणु देश युद्ध के कगार पर आ पहुंच गए थे, भारत शायद उन नुकसानों और पाकिस्तान की कड़ी प्रतिक्रियां को भूल गया है। भारतीय रक्षा मंत्री, उसकी सेना और वायु सेना प्रमुखों के भड़काऊ बयानों पर हम चेतावनी देते हैं कि भविष्य में यह टकराव तबाही ला सकता है। अगर दुश्मनी का एक नया दौर शुरू होता है, तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचक के पूरी ताकत और मजबूती से जवाब देंगे। जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसी स्थिति आती है, तो मिटना दोनों तरफ से होगा। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट प्रो. श्रीकांत कोंडापल्ली ने दावा किया है कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल एक आतंकवादी के पास चीनी सैटेलाइट कनेक्शन वाला फोन था, जिससे उसने पाकिस्तान को संदेश भेजे थे। कोंडापल्ली के मुताबिक, पहलगाम इलाके की 120 से अधिक सैटेलाइट स्लाइड्स पाकिस्तान को दी गई थीं। इसका मतलब है कि चीन आतंकवाद पर अपने वादों के बावजूद पाकिस्तान की मदद कर रहा था।

# रोहित के बाद अब सूर्या के कप्तानी पर भी आ सकता है संकट? इस दिग्गज ने की बड़ी भविष्यवाणी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए 26 वर्षीय शुभमन गिल को वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। गिल को रोहित शर्मा की जगह वनडे कप्तानी सौंपी गई है, जिसने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने इस फैसले को 'मास्टरस्ट्रोक' करार देते हुए गिल को एक 'नैचुरल लीडर' बताया है, जो जिम्मेदारी मिलने पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को सामने लाते हैं। गिल की पहली चुनौती 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी।

### BCCI का बड़ा फैसला: रोहित से छिनी कप्तानी

BCCI के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने इस बदलाव की जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने खुद रोहित शर्मा को सूचित किया कि बोर्ड ने उन्हें वनडे कप्तानी से मुक्त करने का निर्णय लिया है। अगरकर ने कहा, 'हमने रोहित से बात की और उन्हें बताया कि शुभमन गिल को उनका उत्तराधिकारी बनाया गया है। यह फैसला भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया है।' गिल अब 2027 विश्व कप की तैयारियों के लिए भारतीय वनडे टीम का नेतृत्व करेंगे।

### मोंटी पनेसर ने की तारीफ

मोंटी पनेसर ने न्यूज एजेंसी से बात करते हुए इस फैसले की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, 'यह एक शानदार निर्णय है। गिल ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। रोहित शर्मा की मौजूदगी में उन्हें कप्तान बनाना समझदारी भरा कदम है, क्योंकि रोहित उन्हें मार्गदर्शन दे सकते हैं। हमने इंग्लैंड में देखा है कि गिल एक नैचुरल लीडर हैं।'

पनेसर ने आगे कहा, 'जब आप गिल को जिम्मेदारी देते हैं, तो उनका सर्वश्रेष्ठ रूप सामने आता है। मुझे यकीन है कि इस वनडे सीरीज में हम उनका बेहतरीन प्रदर्शन देखेंगे। यह मेरे लिए आश्चर्य की बात नहीं होगी अगर भविष्य में उन्हें टी20आई कप्तानी भी सौंपी जाए, क्योंकि वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो जिम्मेदारी मिलने पर और निखरते हैं।'

### गिल का फोकस: 2027 विश्व कप

शुभमन गिल ने कप्तानी मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, ÷मेरे लिए यह एक बड़ा सम्मान है। मेरा पूरा ध्यान भविष्य और 2027 विश्व कप पर है। हम अगले कुछ सालों में लगभग 20 वनडे मैच खेलेंगे, और हमारा लक्ष्य एक मजबूत और संतुलित टीम तैयार करना है।÷ गिल ने यह भी बताया कि वह रोहित शर्मा और अन्य सीनियर खिलाड़ियों के अनुभव का लाभ उठाएंगे।

### क्रिकेट जगत में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

गिल को कप्तान बनाए जाने के फैसले ने क्रिकेट प्रशंसकों और विशेषज्ञों के बीच मिली-जुली प्रतिक्रियाएं पैदा की हैं। जहां कुछ फैन्स और पूर्व खिलाड़ी इस बदलाव से हैरान हैं, वहीं कई लोग इसे भविष्य की रणनीति का हिस्सा मान रहे हैं। गिल की युवा ऊर्जा और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता को देखते हुए यह फैसला भारत के लिए नई दिशा तय कर सकता है।

### गिल का रिकॉर्ड

26 साल के शुभमन गिल ने अब तक 44 वनडे मैचों में 2271 रन बनाए हैं, जिसमें 6 शतक और 13 अर्धशतक शामिल हैं। उनका औसत 61.37 और स्ट्राइक रेट 103.46 है, जो उनकी निरंतरता और आक्रामकता को दर्शाता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज में गिल की कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों पर सभी की नजरें रहेंगी।

क्या गिल इस नई जिम्मेदारी के साथ भारतीय वनडे क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे? इसके लिए प्रशंसकों को 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली सीरीज का इंतजार है। अधिक अपडेट्स के लिए बने रहें।

## टेनिस प्रीमियर लीग: बोपन्ना, डार्डेरी और मौटेट टीपीए के सातवें सत्र में पेश करेंगे चुनौती



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और विश्व के 29वें नंबर के खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी सहित शीर्ष-50 रैंकिंग में शामिल कम से कम तीन एकल खिलाड़ी नौ दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेनिस प्रीमियर लीग (TPL) के सातवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

विश्व के 38वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट और उनके हमवतन विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर मुलर इस लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे जिसकी नीलामी नौ अक्टूबर को मुंबई में होगी। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन बोपन्ना ने पिछले साल टीपीएल में पदार्पण किया था। वह एसजी पाइपर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली के डार्डेरी राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि मौटेट गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। मुलर और आर्थर रिंडरकनेच (विश्व के 54वें नंबर के खिलाड़ी) क्रमशः गुजरात पैंथर्स और हैदराबाद स्ट्राइकर्स की टीम को मजबूत करेंगे। लीग में बोस्निया एवं हर्जेगोविना के दामिर जुम्हुर (पूर्व विश्व नंबर 23, वर्तमान नंबर 67) यश मुंबई ईगल्स और अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी (विश्व नंबर 58) जीएस दिल्ली एसेस का प्रतिनिधित्व करेंगे। चेक गणराज्य के उभरते खिलाड़ी डालिबोर स्वर्सिना (विश्व नंबर 91) चेन्नई स्मैशर्स की टीम का हिस्सा है। टीपीएल के सह-संस्थापक कुणाल ठाकुर ने कहा, 'इस क्षमता वाले खिलाड़ियों को लीग के साथ जोड़ना प्रतिस्पर्धा के स्तर को ही नहीं बढ़ायेगा बल्कि भारतीय टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को भी प्रेरित करेगा।'

## लंका प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे भारतीय खिलाड़ी, जल्द होगी नामों की घोषणा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लंका प्रीमियर लीग (LPL) के आयोजकों ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय क्रिकेटर पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे जिसका छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इस टी20 टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मैच शामिल हैं। ये मैच तीन प्रमुख स्थलों कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतरर‍राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'पहली बार भारतीय क्रिकेटरों के इस टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है। उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशंसकों में उत्साह का एक नया स्तर जुड़ जाएगा।' इस प्रारूप के अनुसार लीग चरण के दौरान सभी पांच फ्रेंचाइजी एक-दूसरे के खिलाफ दो बार प्रतिस्पर्धा करेंगी। राउंड रोबिन चरण के अंत में शीर्ष चार में रहने वाली टीम प्लेऑफ में जगह बनाएंगी।

शीर्ष दो टीम क्वालीफायर एक में खेलेंगी जिसका विजेता सीधे फाइनल में जगह बनाएगा। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले का विजेता क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम से क्वालीफायर दो में भिड़ेगा जिससे फाइनल में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा।

# गावस्कर ने वनडे कप्तानी में बदलाव पर दी बड़ी प्रतिक्रिया, आने वाली खबरें और भी बुरी हो सकती हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वनडे टीम में बड़ा बदलाव हो चुका है। रोहित शर्मा से कप्तानी की कमान अब शुभमन गिल को सौंप दी गई है, जिससे रोहित के वनडे नेतृत्व का दौर खत्म हो गया। चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने इस फैसले की पुष्टि की, जिसके बाद क्रिकेट जगत में चर्चा तेज़ हो गई। हालांकि, टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर ने इस बदलाव को 'आवश्यक कदम' बताया और कहा कि रोहित शर्मा खुद भी इस फैसले से सहमत हैं।

### '2027 विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है यह बदलाव'

गावस्कर ने कहा कि यह फैसला भारत की 2027 वनडे विश्व कप की तैयारी को ध्यान में रखकर लिया गया है। 'अगर हम अगले दो सालों का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर देखें, तो भारत बहुत कम वनडे खेलेगा। ऐसे में, केवल वनडे खेलने वाले खिलाड़ी के लिए मैच फिट रहना मुश्किल है,' गावस्कर ने स्पोर्ट्स तक से बातचीत में कहा।

### 'रोहित भी समझते हैं टीम की प्राथमिकता'

गावस्कर के अनुसार, रोहित शर्मा व्यक्तिगत तौर पर इस फैसले से नाराज़ नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'टीम पहले आती है। रोहित ने देश के लिए बहुत कुछ किया है, चैंपियंस ट्रॉफी और टी20 विश्व कप जिताया। लेकिन अगर हमें दो साल आगे सोचना है, तो एक युवा कप्तान को तैयार करना ही समझदारी है, और रोहित इस बात से पूरी तरह सहमत हैं।'

### 'आने वाले महीनों में और बुरी खबरें आ सकती हैं'

गावस्कर ने आगे कहा कि यह बदलाव भारतीय टीम प्रबंधन की 'नई दिशा' की शुरुआत है और भविष्य में और बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, 'अगर कोई खिलाड़ी यह तय नहीं कर पा रहा कि वह अगले दो साल तक वनडे खेलेगा या नहीं, तो उसके लिए टीम में बने रहना मुश्किल हो जाएगा। आने वाले महीनों में कुछ और कड़े फैसले देखने को मिल सकते हैं।'

### 'रोहित को अब घरेलू क्रिकेट खेलना होगा'

गावस्कर ने यह भी सुझाव दिया कि अगर रोहित वनडे टीम में वापसी चाहते हैं, तो उन्हें विजय हज़ारे ट्रॉफी जैसी घरेलू टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेना चाहिए ताकि मैच फिटनेस बनी रहे। उन्होंने कहा, 'सिर्फ पाँच-सात वनडे से कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता जा सकता, इसके लिए लगातार अभ्यास जरूरी है।'

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के बीमार पड़ने के मामले में बीसीसीआई ने दिया जवाब, खाने में समस्या नहीं : राजीव शुक्ला

कानपुर ।भारत दौरे पर आयी ऑस्ट्रेलिया ए क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के बीमार होने के मामले में उठ रहे सवालों को लेकर अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कि अगर टीम होटल के खाने में कोई खराबी होती, तो केवल ऑस्ट्रेलियाई ही नहीं बल्कि भारतीय खिलाड़ी भी बीमार पड़ते।उन्होंने कहा कि चार विदेशी खिलाड़ियों को कही और से संक्रमण हुआ होगा। यह मामला ऑस्ट्रेलिया ए मध्यम तेज गेंदबाज हेनरी थॉर्नटन की तबियत बिगड़ने के बाद उठा। इस गेंदबाज को तबियत खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।इस घटना के बाद से ही क्रिकेटरों की सेहत को लेकर चिंता जतायी गयी थी।वहीं शुक्ला ने इन चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि खान एक बड़ होटल से आता है और उसमें कोई कमी नहीं पायी गयी है। शुक्ला ने कहा, 'अगर खाने में कोई समस्या होती, तो सभी खिलाड़ी, जिनमें भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं, बीमार पड़ते।यह कुछ और ही मामला है।उन्हें एक अच्छे होटल का खाना दिया जा रहा है और साभी वही खाना खा रहे हैं।संक्रमण कहीं और से हुआ होगा।'




## युवराज, धोनी को खेलते देखकर सीखी बल्लेबाजी : तेवतिया



मुम्बई। आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले बल्लेबाज राहुल तेवतिया ने कहा है कि उन्होंने बल्लेबाजी कौशल युवराज सिंह और महेन्द्र सिहं धोनी को देखकर सीखा है।तेवतिया को युवराज की स्टाइल और शॉट चयन पसंद हैं।वहीं धोनी के उन्होंने अंतिम ओवरो में शांत रहकर मैच समाप्त करने के अंदाज से उन्हें भी प्रेरणा मिली।इससे उन्हें अंदाजा हुआ कि फिनिशर को किस प्रकार बल्लेबाजी करनी चाहिये।तेवतिया ने कहा, 'मैं युवराज की बल्लेबाजी देखते हुए ही यहां तक पहुंचा हूं।वहीं जब मैंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में फिनिशर की भूमिका निभाना शुरू किया, तब मैंने धोनी की बल्लेबाजी को ध्यान से देखना शुरु कर दिया।इससे मुझे पता चला कि डेथ ओवरों में गेंदबाजों को पर कैसे आक्रामक अंदाज में खेला जा सकता है। इससे मुझे काफी लाभ हुआ।' गौरतलब है कि तेवतिया ने साल 2020 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए पंजाब के खिलाफ एक मैच में एक ओवर में ही पांच छक्के लगा दिये थे। इसके बाद गुजरात टाइटन्स के लिए साल 2022 में उन्होंने अंतिम दो गेंदों पर दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई। उस सत्र में गुजरात की आईपीएल जीत में तेवतिया ने अहम भूमिका निभाई थी।तेवतिया ने कहा कि क्रिकेट में सफलता के लिए स्थिर मानसिकता रखना जरूरी है, 'सफलता या असफलता दोनों में ही समान बने रहना जरुरी है। अगर आप जल्दी आउट हो जाते हैं, तो दुख होना स्वाभाविक है पर हमारा असली ध्यान परिणाम की जगह पर प्रक्रिया और तैयारी पर रहना चाहिए।' गौरतलब है कि तेवतिया ने अब तक 14 प्रथम श्रेणी मैचों में 535 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सबसे अधिक स्कोर 144 है। वहीं गेंदबाजी में उन्होंने 32 विकेट लिए हैं,

# प्रमोद भगत ने अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा, अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में जीते तीन गोल्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा। 37 वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार अपने स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे।

भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता। भगत ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना और भारत को गौरव दिलाना हमेशा खास होता है।' युगल में भगत के साथी सुकांत कदम ने कहा, 'प्रमोद के साथ खेलना मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। कोर्ट पर हमारी समझ हर मैच के साथ मजबूत हो गई है। इस जीत से आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा।'

इस बीच रणजीत सिंह ने तीन कांस्य पदक जीते। उन्होंने पुरुष एकल डब्ल्यूएच1, पुरुष युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (परमजीत सिंह के साथ) और मिश्रित युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (शबाना के साथ) में तीसरा स्थान हासिल किया। नुरुल हुसैन खान ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच2 में रजत पदक जीता जबकि उमा सरकार ने महिला एकल एसएल3 में रजत पदक हासिल किया। सरकार ने आरती के साथ मिलकर महिला युगल एसएल3-एसयू5 में कांस्य पदक भी जीता। अन्य नतीजों में नीलेश गायकवाड़ (पुरुष एसएल4) और कनक सिंह जादौन (महिला एसएल4) ने कांस्य पदक जीते। पुरुष एकल एसयू5 में भारत के लिए करण पनीर, राहुल विमल और सतीवाड़ा ने क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया।

## विशाखापत्तनम स्टेडियम में मिताली और कल्पना के नाम पर होंगे स्टैंड

### –12 अक्टूबर को होगा उद्घाटन



विशाखापत्तनम ।भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज और पूर्व क्रिकेटर रवि कल्पना के नाम पर अब विशाखापत्तनम क्रिकेट स्टेडियम के दो स्टैंड होंगे।इन दोनो के नाम के स्टैंड का उद्घाटन 12 अक्टूबर को भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले महिला विश्व कप मैच में किया जाएगा।भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना के अनुरोध के बाद ही स्टैंड के नाम मिताली और कल्पना के नाम पर रखे जाने का फैसला लिया गया है।मंधाना की अपील पर मंत्री नारा लोकेश ने आंध्र क्रिकेट संघ से सलाह के बाद विशाखापत्तनम स्टेडियम में मिताली और कल्पना के नाम पर स्टैंड के नाम रखे जाने का फैसला लिया।मंत्री नारा लोकेश ने कहा की मंधाना के सुझाव पर अमल महिला क्रिकेट की इन हस्तियों को सम्मानित करने के लिए किया जा रहा है। ऐसे में अब आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) भारत–ऑस्ट्रेलिया मैच से पहले 12 अक्टूबर को मिताली राज स्टैंड और रवि कल्पना स्टैंड का उद्घाटन करेगा।स्टैंड का नाम बदलने से महिला क्रिकेटर्स के प्रति सम्मान प्रकट करने के साथ ही खेल में उनके योगदान को भी महत्व देना है।इससे उभरती प्रतिभाओं को भी महिला क्रिकेट को एक पेशे के रूप में अपनाने की प्रेरणा भी मिलेगी।राज ने अपने करियर में 12 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 1 शतक और 4 अर्धशतकों के साथ 699 रन बनाए। इसके अलावा, उन्होंने 232 वनडे मुकाबलों में 7 शतकों और 64 अर्धशतकों के साथ कुल 7,805 रन बनाये। 89 टी20 मुकाबलों में मिताली ने 2,364 रन निकले।वहीं आंध्र प्रदेश की कल्पना ने बतौर विकेटकीपर–बल्लेबाज राज्य स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने के साथ ही सात एकदिवसीय भी खेले।

## सोफी डिवाइन ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड, महिला विश्व कप में ये कमाल करने वाली 10वीं खिलाड़ी बनीं



इंदौर (मध्य प्रदेश) ।न्यूजीलैंड के लिए अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही न्यूजीलैंड की बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने आईसीसी महिला विश्व कप के इतिहास में 10वीं सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ियों में जगह बनाकर एक यादगार प्रदर्शन किया।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम के पहले पारी में 47.5 ओवर में 231 रन के स्कोर के दौरान डिवाइन ने 98 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 86.73 के स्ट्राइक रेट से 85 रन बनाए।उन्होंने अब तक 27 विश्व कप मैचों और 24 पारियों में 37.65 की औसत और 94 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 866 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं।उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 145 रन है।वह विश्व कप इतिहास में 10वीं सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं।न्यूजीलैंड की दिग्गज डेबी हॉकले 45 मैचों और 43 पारियों में 42.88 की औसत से 1,501 रन बनाकर शीर्ष पर हैं, जिसमें दो शतक और 10 अर्द्धशतक और 100* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है, उसके बाद भारत की मिताली राज (38 मैचों में 36 पारियों में 47.17 की औसत से 1,328 रन, दो शतक और 11 अर्द्धशतक) और इंग्लैंड की जेनेट ब्रिटिन (36 मैचों और 35 पारियों में 43.30 की औसत से 1,299 रन, चार शतक और तीन अर्द्धशतक) का स्थान है।गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में एक साहसी और संघर्षपूर्ण शतक बनाने के बाद 36 वर्षीय डिवाइन 2025 के संस्करण में अब तक की सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो पारियों में 98.50 की औसत से 197 रन बनाए हैं।

## सफी बांग्लादेश के खिलाफ अफगानिस्तान की वनडे सीरीज से बाहर, सामी को मिली जगह

अबू धाबी ।अफगानिस्तान के युवा दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम सफी कमर (एडक्टर) में खिंचाव के कारण बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं।अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ACB) ने सोमवार को यह जानकारी दी।सफी ने अफगानिस्तान के लिए एक टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा दो वनडे मैच भी खेले हैं।उनकी अनुपस्थिति में, तेज गेंदबाज बिलाल सामी, जिन्होंने अब तक एक वनडे खेला है, को रिजर्व पूल से अफगानिस्तान की मुख्य टीम में शामिल किया गया है।यह सीरीज क्रमश: 8, 11 और 14 अक्टूबर को शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेली जाएगी।ACB ने अपने बयान में आगे कहा, 'टीम के फिजियो का मानना है कि वह इस बुधवार को होने वाले पहले वनडे के लिए तैयार होने की संभावना नहीं है। सलीम ACB के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में तब तक अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे जब तक वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाते और राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल नहीं हो जाते।' शारजाह में बांग्लादेश से टी20आई श्रृंखला 3–0 से हारने के बाद अफगानिस्तान के लिए कुछ जीत हासिल करने के लिए वनडे श्रृंखला महत्वपूर्ण होगी। रविवार को दोनों टीमों के बीच अंतिम टी20आई में, पहले बल्लेबाजी करने के लिए भेजी गई अफगानिस्तान ने अपनी पूरी पारी के दौरान गति बनाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए, जब तक कि दरवेश रसूली (32) और मुजीब उर रहमान के देर से आए उछाल ने उन्हें निर्धारित 20 ओवरों में 143/9 तक नहीं पहुंचा दिया।

# महिला विश्व कप: पाकिस्तान पर जीत के बाद हरमनप्रीत कौर ने पिच को लेकर किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलंबो ÷भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला एकदिवसीय विश्वकप 2025 में लगातार दूसरी दर्ज करने के बाद कहा कि पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। पाकिस्तान को 88 रनों से हराने के बाद हरमनप्रीत ने कहा, 'सच कहूं तो बल्लेबाजी करने के लिए पिच आसान नहीं थी। हम बस लंबे समय तक खेलना चाहते थे और देखना चाहते थे कि कितने रन बन सकते हैं। जब हमने यहां मई में त्रिकोणीय सीरीज खेली थी, तब पिचें अलग थीं। लेकिन पिछले दो दिनों की बारिश के कारण पिच थोड़ा रुक रही थी। मुख्य बात यह थी कि अंत तक विकेट बचाकर रखें, ताकि योजनाओं को लागू किया जा सके।'

उन्होंने कहा, 'सुधार करने के लिए बहुत से क्षेत्र हैं लेकिन अभी मैं खुश हूं कि हम ये मैच जीते। हम बस उसी गति से आगे बढ़ना चाहते हैं। अब हम भारत लौटेंगे, जहां हमें पता है कि पिचें कैसी होंगी। देखते हैं कि हम कौन सा सबसे अच्छा कॉम्बिनेशन बना सकते हैं और कैसे रोज थोड़ा-थोड़ा बेहतर हो सकते हैं।'

श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच की तरह ही भारत की निचली क्रम की बल्लेबाजी ने टीम को बचाया और चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी के दौरान भारत लय पाने के लिए संघर्ष करता रहा। एक समय भारत का स्कोर 203 रन पर 7 विकेट था और टीम ऑलआउट होने की कगार पर थी, लेकिन ऋचा घोष के नाबाद 35 रन (20 गेंद) ने स्कोर को 247 तक पहुंचा दिया। इसके बाद तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने शुरुआती विकेट लिए। फिर बाकी का बचा काम दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने किया।

गौड़ को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने शुरुआती 10 ओवरों में ही दो विकेट लेकर पाकिस्तान को पीछे धकेल दिया। गौड़ ने बहुत तेज गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए नई गेंद को इधर-उधर घुमाया और पिच से मिलने वाली उछाल से बल्लेबाजो को परेशान किया। भारत का क्षेत्ररक्षण निराशाजनक रहा। उन्होंने चार कैच छोड़े, जिनमें से तीन पाकिस्तान की शीर्ष स्कोरर सिदरा अमीन के थे। अब भारत अपने अगले दो मैच दक्षिण अफ्रीका से नौ अक्टूबर और ऑस्ट्रेलिया से 12 अक्टूबर को विशाखापट्टनम में भिड़ेगा।





# शरवरी ने शुरू की वेदांग रैना के साथ नई फिल्म की शूटिंग

अभिनेत्री शरवरी वाघ ने अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर फिल्म निर्माता इम्तियाज अली कर रहे हैं। उनके साथ शरवरी वाघ की अगली फिल्म ने पहले ही फैंस के बीच धूम मचा दी है। वेदांग रैना अभिनीत इस फिल्म की शूटिंग दशहरे के शुभ अवसर पर शुरू हुई है। इस मौके पर अभिनेत्री ने एक भावुक नोट लिखा है। शरवरी वाघ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक भावुक नोट लिखा है। उन्होंने लिखा सरस्वती पूजा के वक्त घर पर नहीं रह सकी। इसलिए मैंने अपने कमरे में स्क्रिप्ट के साथ अपनी छोटी सी पूजा की। एक बहुत ही खास निर्देशक और टीम के साथ एक बहुत ही खास फिल्म की शूटिंग शुरू। पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट और फूलों की तस्वीर भी शेयर की।

### जन्मदिन पर हुआ फिल्म का एलान

आपको बता दें कि जून में शरवरी के जन्मदिन पर, इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की गई थी। उस पल को याद करते हुए उन्होंने उत्साह जाहिर किया। उन्होंने इसे अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन बताया। उन्होंने बताया कि इम्तियाज अली के साथ काम करना उनका लंबे समय से सपना रहा है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा जब से मैंने एक अभिनेत्री बनने का सपना देखा, तब से मैं आपके निर्देशन में काम करने की इच्छा रखती थी।





# कांतारा चैप्टर 1 का हिस्सा होना सपने जैसा

**रुक्मिणी वसंत साउथ में नाम कमाने के बाद बॉलीवुड में भी कांतारा चैप्टर 1 से चर्चा में हैं। कोविड में आई कांतारा की सुपर सक्सेज के बाद अब इस फिल्म में रुक्मिणी एक न्यू एंट्री हैं। फिल्म को लेकर उत्साहित ये एक्ट्रेस अपनी निजी जिंदगी के कई पन्नों को खोल रही हैं।**

एक्ट्रेस ने कहा ऋषभ सर पहले मेरी फिल्म 'सप्त सगरदाचे एलो' की तारीफ कर चुके थे और उनके शब्द मेरे लिए बहुत मायने रखते थे। लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि इससे मुझे इतनी बड़ी फिल्म में काम करने का मौका मिलेगा। जब उन्होंने मुझसे फिल्म में शामिल होने को कहा, तो सच में ये सपना जैसा लग रहा था। जैसे-जैसे मैं कहानी और अपने किरदार को समझने लगी, मेरी उत्सुकता और बढ़ गई। थोड़ी घबराहट भी थी क्योंकि किरदार बड़ा था और कहानी में उसका महत्व काफी था, लेकिन ऋषभ सर का मुझ पर भरोसा देखकर मुझे आत्मविश्वास मिला।

**फिल्म में अपने किरदार को निभाने के लिए आपने किस तरह तैयारी की?**

ऐसी फिल्म में काम करते वक्त मुझे पूरी तरह संस्कृति में डूब जाना जरूरी लगा, क्योंकि 'कांतारा' सिर्फ कहानी नहीं है ...ये करावली क्षेत्र की परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई है। मेरे रोल के लिए, भूत-प्रेत और दैव पूजा को गहराई से समझना जरूरी था। लेखकों और ऋषभ सर ने इस प्रक्रिया में मेरी मदद की, सिर्फ रिवाज समझाने तक नहीं, बल्कि ये भी बताया कि ये समाज और लोगों की जिंदगी पर कैसे असर डालते हैं। पूरी फिल्म के दौरान अगर कोई चुनौती थी, तो वो शारीरिक कौशल की थी, जो मुझे अपने किरदार कनकावती को सही ढंग से जीवित दिखाने के लिए सीखनी पड़ी।

**सेट पर आपका पहला दिन कैसा था?**

पहला दिन हमेशा ही थोड़ी उत्सुकता और थोड़ी घबराहट से भरा होता है। नया सेट, नया माहौल, सब कुछ नया। जब मैं 'कांतारा चैप्टर 1' के सेट पर पहुंची तो टीम पहले से एक महीने से शूट कर रही थी। मुझे उनकी गति में अपना स्थान ढूंढना पड़ा। शुक्र है कि शुरू में कुछ आसान सीन थे। इनमें ज्यादा डायलॉग नहीं थे, जिससे मुझे किरदार की बॉडी लैंग्वेज, नजर और अंदाज पर ध्यान देने का समय मिला। जब डायलॉग वाले सीन आए तो आवाज और दूसरे छोटे-छोटे पैमानों पर काम करना शुरू किया।

**'बघीरा', 'मद्रासी', 'कांतारा चैप्टर 1' और आगे 'टॉक्सिक'। पिछला साल आपके लिए एक वरदान जैसा रहा। इस दौर को आप अपने करियर में कैसे देखती हैं?**

ये साल मेरे लिए बेहद खास रहा। पिछले अक्तूबर से लेकर अब तक मुझे जो भी फिल्में मिली सभी एक दूसरे से काफी अलग थीं। मेरे लिए यह पूरा दौर प्रयोग और खुद को चुनौती देने वाला रहा है। इस दौरान मैंने दो काम किए, अपनी ताकत और कमजोरियों को जाना और खुद को बेहतर बनाया।

### गुलशन देवैया और ऋषभ शेट्टी ने सेट पर आपका कैसे साथ दिया?

ऋषभ सर शुरू से ही बहुत जुड़े रहे। उन्होंने लेखकों की कार्यशाला में भी भाग लिया, जिससे मुझे समझ आया कि एक युवरानी की शारीरिक भाषा कैसी होती है – वह कैसे चलती है, कैसे अपने आप को पेश करती है, उसके बोलने का अंदाज कैसा होना चाहिए? गुलशन सर के साथ काम करना भी बहुत प्रेरणादायक था। मैं हमेशा उनके काम को सराहती रही हूं, चाहे वो 'द हॉन्टिंग' हो या 'मर्द को दर्द नहीं होता'। मुझे सबसे ज्यादा हैरानी इस बात पर हुई कि वह कन्नड़ बेहद खूबसूरती से बोलते हैं। भले ही मैं यह जानती थी कि वह कूर्ग से हैं पर मुझे नहीं पता था कि वह दक्षिण कर्नाटक के इस खास डायलेक्ट में इतने सहज हैं।



# एक्शन फिल्म से हॉलीवुड में डेब्यू करेंगे टाइगर श्रॉफ!

एक्टर टाइगर श्रॉफ जल्द ही हॉलीवुड फिल्म में नजर आ सकते हैं। एक्टर की डेब्यू फिल्म एक ग्लोबल एक्शन फिल्म होगी। इस फिल्म में वो हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर सिल्वेस्टर स्टेलोन और थाई मार्शल आर्ट स्टार टोनी जा के साथ स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेजन एमजीएम एक महत्वाकांक्षी पैन-वर्ल्ड प्रोजेक्ट बनाने पर बातचीत कर रहा है, जिसमें पहली बार तीन एक्शन स्टार्स एक साथ दिखेंगे। रिपोर्ट में सोर्स को कोट करते हुए कहा गया कि यह एक ग्लोबल प्रोजेक्ट है और इसे कई भाषाओं में बनाने पर बात चल रही है। इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत शुरू हो चुकी है और सूत्र का दावा है कि तीनों एक्टर ने इस प्रोजेक्ट में काम करने की इच्छा जाहिर की है। सूत्र ने कहा है कि टाइगर, सिल्वेस्टर और टोनी जा के साथ पहले राउंड की बातचीत हो गई है। फिल्म के नाम को लेकर डिस्कशन जारी है लेकिन कहा जा रहा है कि मूवी का नाम इंडियन ही होगा। टाइगर श्रॉफ अपने आइडियल सिल्वेस्टर स्टेलोन के साथ इस तरह के पैन-वर्ल्ड एक्शन प्रोजेक्ट में काम करने के लिए एक्साइटेड हैं। हाल ही में टाइगर की फिल्म बागी-4 रिलीज हुई थी। बता दें कि साल 2017 में टाइगर ने कंफर्म किया था कि वे अपने आइडियल सिल्वेस्टर की क्लासिक फिल्म रेम्बो के हिंदी रीमेक में एक्ट करेंगे। हालांकि, बाद में वह फिल्म नहीं बनी। वहीं, सिल्वेस्टर साल 2009 में अक्षय कुमार और करीना कपूर की फिल्म कमबख्त इश्क में कैमियो रोल कर चुके हैं।

# चैप्टर 2 के लिए तैयार हुईं रिया चक्रवर्ती, पांच वर्षों बाद अभिनेत्री को वापस मिला पासपोर्ट

अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को लगभग पांच वर्षों के बाद उनका पासपोर्ट मिल गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने हाल ही में सुशांत सिंह राजपूत मामले से जुड़े दस्तावेज वापस करने की इजाजत देते हुए उनके पक्ष में फैसला सुनाया। सुशांत सिंह राजपूत के निधन मामले की जांच के चलते उनका पासपोर्ट जमा कर लिया गया था। पासपोर्ट मिलने पर अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखी है।

इंस्टाग्राम पर रिया चक्रवर्ती ने अपने कठिन वक्त और अनगिनत संघर्षों को याद करते हुए कहा कि इस दौरान धैर्य ही उनका एकमात्र पासपोर्ट था। अपने संदेश के साथ, उन्होंने यह भी बताया कि कैसे वह एक नई शुरुआत के लिए तैयार हैं। उन्होंने लिखा पिछले पांच वर्षों से धैर्य ही मेरा एकमात्र पासपोर्ट था। अनगिनत संघर्ष। अनंत आशा। आज, मेरे हाथ में फिर से मेरा पासपोर्ट है। अध्याय 2 के लिए तैयार!

जून 2020 में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद रिया चक्रवर्ती सुर्खियों में थीं। उनके और सुशांत के बीच अफेयर की खबरें थीं। 8 सितंबर, 2020 को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने उन्हें सुशांत की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में हिरासत में ले लिया था। हालांकि, उन्हें एनसीबी के पास अपना पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत मिल गई थी। ल्मों की बात करें तो, रिया आखिरी बार रूमी जाफरी की फिल्म चेहरे में नजर आई थीं। इसमें उन्होंने अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी और अन्नू कपूर जैसे कलाकारों के साथ काम किया था।



# नई जाना गाने ने मेरी पुरानी यादें कर दीं ताजा

पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार नीरू बाजवा का नया गाना नई जाना रिलीज हो गया है। यह उनकी आने वाली फिल्म मधानियां का गीत है। इस गाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि इससे उनकी पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं। नई जाना एक पंजाबी गीत है, जिसे मन्नत नूर ने गाया है। मनी औजला ने इसका संगीत दिया है। यह गाना आज के जमाने के म्यूजिक के साथ एक पुराने लोकगीत को पेश करता है। इस गाने में एक शादी का सीन दिखाई दे रहा है। इसमें नीरू बाजवा अपने डांस और खूबसूरती से इस गाने की रौनक बढ़ाती दिख रही हैं। यह गाना पंजाबी शादियों की खुशी और उत्साह को दर्शाता है। गाने के बारे में बात करते हुए नीरू बाजवा ने कहा, 'नई जाना' गाने ने बचपन की शादियों में इसे सुनने की तमाम यादें ताजा कर दीं। मधानियां में इसे परफॉर्म करना बेहद सजीव और मजेदार अनुभव था, क्योंकि यह गाना शरारत, प्यार और हंसी का खूबसूरत मेल है। मैं उत्सुकता से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक भी इसे देखकर वही खुशी महसूस करें, जो हमें इसे फिल्माते वक्त मिली।

नीरू बाजवा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस गाने को शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने हार्ट की इमोजी भी लगाई है। वहीं सिंगर मन्नत नूर ने कहा, यह गाना पूरी तरह से पुरानी यादों को ताजा करता है। पंजाब में हर कोई 'नई जाना' गाने के बारे में जानता है, यह हमारी शादियों और हमारी संस्कृति का हिस्सा है। जब मैंने इसे रिकॉर्ड किया तो मेरा ध्यान उस सार को बरकरार रखने के साथ-साथ आज के श्रोताओं के लिए एक ताजगी लाने पर भी था।







# मेरा मुश्किल दौर स्कैम 2003 से मिली शोहरत के बाद शुरू हुआ

**वेब सीरीज स्कैम 2003 में अब्दुल करीम तेलगी की भूमिका के लिए वाहवाही बटोरने वाले एक्टर गगन देव रियार इन दिनों अपनी नई सीरीज 13वीं सम लेसन्स आर नॉट टॉट इन क्लासरूम्स को लेकर चर्चा में हैं।**

सिनेमा इंडस्ट्री में आम तौर पर सफलता और शोहरत को मुश्किलों और संघर्ष अंत माना जाता है, पर एक्टर गगन देव रियार का अनुभव बिल्कुल अलग है। हंसल मेहता की चर्चित वेब सीरीज स्कैम 2003 में पेपर घोटाले के मास्टरमाइंड अब्दुल करीम तेलगी की भूमिका से सुर्खियों में आने वाले एक्टर गगन देव रियार के मुताबिक, उनका सबसे मुश्किल दौर इस सीरीज से मिली सफलता और शोहरत के बाद शुरू हुआ है।

### जितना सफल होता हूं, उतना कंफ्यूज होता हूं

करियर के सबसे मुश्किल दौर के बारे में पूछने पर गगन कहते हैं, मेरा सबसे मुश्किल दौर इस वक्त चल रहा है, क्योंकि सफलता को लेकर लोगों का जो नजरिया होता है, जैसे लोग बोलते हैं कि आपने वो हासिल कर लिया, वहां पहुंच गए, तो मुझे समझ में नहीं आता है कि इसके बाद कहां जाना है। ये मेरी पर्सनल जद्दोजहद है। मैं जितना सफल होता जाता हूं, उतना ही कंफ्यूज होता जाता हूं कि आज मेरे पास वो सब है जो मुझे चाहिए था, जिसकी मैंने कल्पना की थी कि घर हो, काम हो, पैसा हो लेकिन वो मकसद कहीं खत्म हो गया है कि मुझे ये करना क्यों था। यह ऊहापोह स्कैम 2003 के बाद शुरू हुई है कि इस सफलता के बाद क्या? आप यहां से कहां जाएंगे?

### बहरूपिया बनने में मजा आने लगा

महज 16 साल में एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने वाले गगन बताते हैं कि असल में एक्टर बनना उनके पापा का सपना था, जो उन्होंने पूरा किया। बकौल गगन, मैं 16 साल का था। मैंने दसवीं का एग्जाम पास किया था। गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं कि एक दिन पापा ने पूछा, एक्टर बनना चाहते हो? असल में पापा फिल्मों में हीरो बनना चाहते थे। वो बचपन में भागकर यहां आए थे, तो फिल्में हम बहुत देखते थे। शाहरुख खान, जैकी श्रॉफ मुझे भी बहुत पसंद थे, पापा के पूछने पर मैंने कहा-ठीक है। तब उन्होंने मुझे दो महीने का एक एक्टिंग का क्रैश कोर्स कराया, जिसमें मुझे बहुत मजा आया। लगा कि यह मैं जिंदगी भर कर सकता हूं क्योंकि रोज कुछ नया करने को मिल रहा है। मैं हर रोज एक नया बंदा हूं। वो अलग-अलग रूप धरने में, बहरूपिया बनने में मुझे इतना मजा आने लग गया कि उस कोर्स में 20 बच्चे थे, जिसमें मैं सबसे छोटा था, मगर क्लास में फर्स्ट आया।

### जादू की छड़ी जैसी है एक्टिंग

इन दिनों अपनी नई सीरीज 13वीं- सम लेसन्स आर नॉट टॉट इन क्लासरूम्स को लेकर चर्चा बटोर रहे गगन आगे बताते हैं, फिर कॉलेज में जब मैं थिएटर से जुड़ा तो लगा कि एक्टिंग और थिएटर तो एक ही चीज है। मुझे उसमें इतना मजा आने लगा कि मैंने तय कर लिया कि यही करना है। हालांकि, मैं पढ़ाई में होशियार था। चाहता तो बहुत कुछ बन सकता था, मगर एक रूहानी अनुभव जो एक्टिंग में होता है कि आपने कुछ किया, जिससे किसी और को कुछ हुआ। मतलब मैं जो करूंगा, उससे कोई दूसरा हंसता है या रोता है। मुझे ऐसा लगा कि मेरे हाथ में कोई जादू की छड़ी है। मुझे हैपी पॉटर जैसा महसूस हुआ और मैं वो जादूगर बनना चाहता था। बस एक्टिंग का सिलसिला चल पड़ा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in